भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 13, अंक : 218 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 31 न्यून. 18 haribhoomi.com



समस्त पापों के विनाश के लिए हमारे ये दीप

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रूप चौदस पर आपके जीवन में भक्ति, शुद्धता और आध्यात्मिक शक्ति आए।

रूप चौदस की शुभकामनाएं



सरयू के 56 घाटों पर करीब 30 लाख दीप जलेंगे

प्रभु राम के घर में आज जलेगी 'ज्योत से ज्योत'

- उप राष्ट्रपति के आगमन से दीप प्रज्ज्वलन तक मजिस्ट्रेटों के हाथ में रहेगी व्यवस्था की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

आज सरयू के 56 घाटों को 30 से 33 लाख दीपों से सजाया गया है। घाटों पर दीप सजाने का काम 35 हजार स्वयंसेवकों ने पूरा किया है। शुक्रवार को राम की पैड़ी सहित सभी घाटों पर दीपोत्सव का फाइनल रिहर्सल किया गया। शनिवार को सरयू तट पर भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। दीपों से जगमगाते घाटों के बीच दीप प्रज्ज्वलन और अन्य सांस्कृतिक आयोजन आकर्षण का केंद्र होंगे। उप राष्ट्रपति डॉ. सीपी राधाकृष्णन के आगमन से लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों और दीप प्रज्ज्वलन तक अलग-अलग मजिस्ट्रेट व्यवस्थाओं की कमान संभालेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी आने की चर्चा है।

भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस

दीपोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात, पार्किंग, बैरिकेडिंग और आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। नया घाट स्थित सरयू आरती स्थल की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन ▶▶शेष पेज 6 पर



रंगबिरंगी रोशनी ने नहाया घाट

रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में आस्था और वैभव का अद्भुत नजारा

न तिजोरी, न बैंक... मां महालक्ष्मी के दरबार में सजा 2 करोड़ का खजाना



करीब 2 हजार भक्तों ने पांच दिन के लिए सौंपी अपनी अमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

रतलाम स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर में आस्था और वैभव का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। यहां मां लक्ष्मी का दरबार फूलों और रोशनी के साथ करीब दो करोड़ रुपए के भारतीय नोटों, 40 देशों की विदेशी करेंसी और सोने-चांदी के बेशकीमती आभूषणों से सजाया गया है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां ▶▶शेष पेज 6 पर


- 40 देशों की करेंसी, सोने-चांदी के आभूषण और 57 चांदी के हाथियों से हुआ महालक्ष्मी का श्रृंगार

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

मप्र विस का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र 7 से 11 दिसंबर तक आयोजित होगा।



विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को सत्र की अधिसूचना जारी कर दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने बताया कि सत्र में महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों के साथ अशासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे।

डॉ. निशांत बने भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी

भोपाल। मप्र भाजपा ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे को प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। नई नियुक्ति के बाद डॉ. खरे की संगठन में भूमिका बढ़ गई है। वे अब प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ कार्यालय का कामकाज भी संभालेंगे।



16 फरवरी से सीबीएसई की 10वीं-12वीं परीक्षाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 9 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 9 अप्रैल तक चलेगी।



भड़के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा यह किसी भी तरह सत्ता में बने रहने की कोशिश

योजनाओं का लाभ देने के लिए आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) का इस्तेमाल करेगी केंद्र सरकार

नाम कटा तो वोट गया, वोट गया तो हक गया, यह गहरी 'साजिश'

कांग्रेस नेता का आरोप- यदि आज पंचायती राज की योजनाओं का लाभ लेने के लिए वोटर आईडी जरूरी किया जा रहा है तो कल राशन, पेंशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति और आरक्षण जैसी सुविधाओं को भी मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा जा सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) के इस्तेमाल के केंद्र सरकार के ऐलान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे चुनावों में हेरफेर कर सत्ता में बने रहने और नागरिकों से उनके मतदान का अधिकार छीनने की गहरी साजिश करार दिया है।

राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार अब सरकारी योजनाओं का लाभ भी मतदाता सूची से जोड़ने की तैयारी कर रही है। ऐसे में जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जाएंगे, वे न केवल मतदान के अधिकार से वंचित होंगे, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित हो सकते हैं। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के एक भाषण का वीडियो साझा करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को गंभीरता से समझने की जरूरत है। सरकार की यह नई व्यवस्था नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए ▶▶शेष पेज 6 पर



राहुल गांधी

- राहुलः सरकार की यह नई व्यवस्था नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए खतरा



राजीव रंजन

तो, सरकार अपनी पसंद की जनता चुनेगी

राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में जनता सरकार नहीं चुनेगी, बल्कि सरकार अपनी पसंद की जनता तय करने लगेगी। उन्होंने कहा कि ▶▶शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्री ने किया था नई व्यवस्था का ऐलान

दरअसल, केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने 30 अक्टूबर 2026 को एक कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के सत्यापन को लेकर नई व्यवस्था की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि अब तक आधार नंबर के आधार पर भुगतान पाने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आगे भुगतान प्राप्त करने के लिए बायोमीट्रिक्स और मतदाता पहचान ▶▶शेष पेज 6 पर

प्रमुख योजनाएं, जिनमें आधार का इस्तेमाल होता है

1. **मनरेगा:** मजदूरों की पहचान और मजदूरी भुगतान के लिए आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) का इस्तेमाल।
2. **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि:** किसानों के सत्यापन और किस्तों के भुगतान के लिए आधार अनिवार्य।
3. **सामाजिक सुरक्षा पेंशन:** वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन और भुगतान में आधार का उपयोग।
4. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना:** गैस सब्सिडी सीधे बैंक खाते में भेजने ▶▶शेष पेज 6 पर

मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा
भावुक पोस्ट लिखकर किया संन्यास का ऐलान

बोले- सफेद जर्सी से विदा ले रहा हूं लेकिन इससे जुड़ी यादें हमेशा रहेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट और वीडियो संदेश के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे शमी ने कहा कि वह सफेद जर्सी को अलविदा कह रहे हैं, लेकिन इससे जुड़ी यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। शमी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब पहली बार भारत की टेस्ट जर्सी पहनी थी, तब उनके मन में सिर्फ एक सपना था कि देश के लिए कुछ कर दिखाना है। इसके बाद टेस्ट करियर में मिले हर ▶▶शेष पेज 6 पर

64 मैच में 229 विकेट लिए

टीम के साथियों, कोच और देशवासियों का जताया आभार

अक्टूबर में वीआरएस को मिली मंजूरी

पीसीएस अधिकारी अनुपमा सरोज ने छोड़ी नौकरी, चुनाव लड़ने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में राज्य कर विभाग में डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) के पद पर तैनात पीसीएस अधिकारी अनुपमा सरोज सिंह ने सरकारी नौकरी छोड़ दी है। उनका स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का प्रस्ताव शासन ने मंजूर कर लिया है। अनुपमा ने इसी साल जून में वीआरएस के लिए आवेदन किया था, जिसे अक्टूबर में स्वीकृति मिल गई। उनके नौकरी छोड़ने के बाद अब राजनीति ▶▶शेष पेज 6 पर

डिप्टी कमिश्नर के पद पर थीं तैनात



सैटकॉम लाइसेंस पर सरकार ने कहा

जियो और वनवेब के बाद स्टारलिंक ने पूरी की प्रक्रिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ ग्राहक तय करेंगे किसकी सेवा पसंद

केंद्र सरकार ने भारत के सैटेलाइट कम्युनिकेशन (सैटकॉम) सेक्टर में सभी कंपनियों का स्वागत करते हुए कहा है कि इस क्षेत्र में आखिरकार ग्राहक ही तय करेंगे कि उन्हें किस कंपनी की सेवा लेनी है। उपभोक्ता कीमत, सुविधाओं और सेवा की गुणवत्ता के आधार पर अपनी पसंद चुन सकेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल भारत ▶▶शेष पेज 6 पर

भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी मामला

आगरा में धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ परिवाद दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगरा



■ 14 दिसंबर को होगी मामले की सुनवाई

कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद बढ़ गया है। इस मामले में आगरा में उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का परिवाद दाखिल किया गया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सिविल कोर्ट में यह परिवाद पेश किया है। उनका आरोप है कि धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणी से भगवान श्रीकृष्ण के वंशजों की ▶▶शेष पेज 6 पर

नागपुर से दल के साथ पचमढ़ी घूमने आए

बंदर से बैग छुड़ाने के प्रयास में खाई में गिरा पर्यटक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



■ प्रियदर्शनी प्वॉइंट पर हुआ हादसा

पर्यटन स्थल पचमढ़ी में शुक्रवार को बंदर से बैग वापस लेने की कोशिश एक पर्यटक की जान पर भारी पड़ गई। प्रियदर्शनी प्वाइंट पर बंदर का पीछा करते समय संतुलन बिगड़ने से नागपुर निवासी विजय नाईक (40) गहरी खाई में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। वह करीब 30 पर्यटकों के दल के साथ पचमढ़ी घूमने आए थे। ▶▶शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी से परिवार के साथ मिले सूर्यकुमार



टी20 विश्व कप का गोल्ड मेडल पहनकर पहुंचे भारतीय कप्तान

बच्ची के भजन ने जीता दिल, साझा किया वीडियो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने सूर्या के बच्चों के साथ समय बिताया। मुलाकात का एक खास पल तब देखने को मिला, जब वहां मौजूद एक बच्ची ने खूबसूरत भजन सुनाया। भजन सुनकर पीएम मोदी ने तालियां बजाकर बच्ची का ▶▶शेष पेज 6 पर

पारिवारिक विवाद में बेंगलुरु में नरसंहार

पत्नी समेत सात लोगों की हत्या, पार्टी के बहाने दो सालों को घर बुलाकर मार डाला



सास और सालियों को भी बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पारिवारिक विवाद के चलते सामूहिक हत्याकांड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पत्नी समेत उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने का दावा करने वाले आरोपी इंदुशेखर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने दो दिनों के भीतर वारदात को अंजाम दिया। जांचकर्ताओं को उसकी नाबालिग बेटी की भूमिका पर भी संदेह है। उससे पूछताछ की जा रही है। मृतकों की पहचान आरोपी की पत्नी सुनीता, सास रूपवती, साले शिवकुमार और शंकर, सालियों दिव्या और ▶▶शेष पेज 6 पर

लापता होने की शिकायत से खुला मामला

गुरुवार को नलिनी की मां ने श्रीरामपुरा पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को हत्याकांड का पता चला। पुलिस ने आरोपी की कार जब्त की है, जिसका इस्तेमाल शवों को ले जाने में किया गया था। हत्या में प्रयुक्त सिलबट्टा भी बरामद किया गया है। नंदी हिल्स के पास तलाशी के दौरान ▶▶शेष पेज 6 पर

सीएम से मिले आश्वासन के बाद सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म, रात में ही सफाई शुरु

मासिक वेतन बढ़ाकर 18 से 19 हजार रु.करने का आश्वासन विनियमित सफाई कर्मचारियों को नियमित करने पर सहमति

- मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में तीन नवंबर से जारी सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार देर रात समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद मांगों पर मिले आश्वासन से सहमत होकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा की। इसके बाद कर्मचारियों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया। शहरों में जमा कचरे की सफाई के लिए रात में ही विशेष अभियान चलाया गया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ▶▶शेष पेज 6 पर

- नियमितीकरण वेतन वृद्धि और अनुकंपा नियुक्ति समेत चार मांगों पर बनी सहमति एक माह में गठित होगी उच्चस्तरीय कमेटी



दस साल की सेवा वालों के नियमितीकरण का आश्वासन

यूनियन के अनुसार, विनियमित सफाई कर्मचारियों को नियमित करने पर सहमति बनी है। वहीं, ऐसे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी विनियमित किया जाएगा, जिनकी सेवा अवधि 10 वर्ष पूरी हो चुकी है। जिन कर्मचारियों की सेवा के 10 साल पूरे नहीं हुए हैं, उनका ▶▶शेष पेज 6 पर

रात में 2700 टन कचरे का उठाव

तीन दिन तक सफाई नहीं होने से भोपाल की सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में करीब 2700 टन कचरा जमा हो गया था। हड़ताल खत्म होते ही नगर निगम ने सफाई अभियान शुरू कर दिया। निगम के करीब 7 हजार कर्मचारियों और 800 से अधिक कचरा वाहनों की मदद से रात में ही शहर से जमा कचरा उठाया गया। शहर में प्रतिदिन औसतन 900 टन कचरा निकलता है।

खबर संक्षेप

बिजली कर्मियों का स्थगित हुआ काम बंद आंदोलन

भोपाल। दीपावली पर बिजली व्यवस्था सुचारू रखने के लिए बड़ी राहत मिली है। प्रदेश के 45 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने प्रस्तावित काम बंद आंदोलन स्थगित कर दिया है।मप्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव, महामंत्री दिनेश सिसोदिया और जनता यूनियन के उपाध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने बताया कि कर्मचारियों की 34 सूत्रीय मांगों पर चर्चा हो चुकी है। शेष मांगों पर पूर्व-पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण, पॉवर मैनेजमेंट और पॉवर जनरेटिंग कंपनी से दिवाली के बाद चर्चा प्रस्तावित है।ऊर्जा सचिव से हुई सकारात्मक चर्चा के बाद आंदोलन स्थगित किया गया है। अब कर्मचारी अवकाश के बावजूद तत्परता से ड्यूटी पर रहकर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

दिवाली से पहले खिली 104 दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर मुस्कान

भोपाल। नवजीवन सेवा समिति एवं माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र द्वारा दीपावली पूर्व स्नेह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्पर्श भवन स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं के आवासीय विद्यालय में हुए कार्यक्रम में 104 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उनके लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। समिति की ओर से सभी बच्चों को दीपावली के उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी।



भोपाल रेलवे स्टेशन पर दिनभर भीड़भाड़ की स्थिति बनी रही।

दीपावली के चलते भोपाल रेलवे स्टेशन पर कुछ तरह रही यात्रियों की भीड़।

रीवा-सतना रूट पर सबसे ज्यादा दबाव, कुशीनगर और राज्यरानी में धक्का-मुक्की

भोपाल के तीन स्टेशन ठसाठस, स्पेशल ट्रेनें भी पड़ीं कम दरवाजों पर लटककर गए यात्री, बसों से भी किया सफर

ट्रेनों में वेटिंग के चलते अटकी दिवाली, यात्रियों को गेट, टॉयलेट के पास खड़े होकर करना पड़ा सफर

अपनों के बीच दिवाली मनाने के लिए यात्रियों ने झेली भीड़, परेशानी और जेब पर पड़ा अतिरिक्त बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली पर अपनों के बीच पहुंचने की जल्दबाजी में हजारों यात्रियों को ट्रेनों में जगह तक नसीब नहीं हुई। भोपाल के तीनों प्रमुख रेलवे स्टेशन-भोपाल, रानी कमलापति और संत हिरदाराम नगर पर शुक्रवार को सुबह से देर रात तक यात्रियों की भारी भीड़ रही। दिल्ली, मुंबई, बिहार, उत्तर प्रदेश और विंध्य क्षेत्र की ओर जाने वाली ट्रेनों में हालात ऐसे रहे कि जनरल कोच तो दूर, स्लीपर और एसी कोच में भी यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिली।

रेलवे की ओर से चलाई गई अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें भी इस भीड़ के आगे नाकाफी साबित हुईं। कई यात्री दरवाजों और कोच के गलियारों में खड़े होकर सफर करते नजर आए, जबकि कुछ को टॉयलेट के आसपास जगह बनाकर यात्रा करनी पड़ी। ट्रेनों में जगह नहीं मिलने पर कई यात्रियों ने बसों का रुख किया तो कुछ ने अधिक किराया देकर निजी गाड़ियां बुक कीं।

महीनों पहले टिकट कराया, फिर भी सफर हुआ मुश्किल





रीवा-सतना जाने वाली ट्रेनों में सबसे ज्यादा दबाव रहा

भोपाल से रीवा और सतना जाने वाले यात्रियों की भीड़ रीवांचल एक्सप्रेस और भोपाल-रीवा एक्सप्रेस में ज्यादा दिखाई दी। अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए रेलवे ने तीन स्पेशल ट्रेनें भी संचालित कीं, लेकिन नियमित ट्रेनों के साथ इनमें भी यात्रियों की भारी भीड़ रही। दिल्ली, बनारस, प्रयागराज और बिहार जाने वाली ट्रेनों में भी यही स्थिति बनी रही। मुंबई, रायपुर और जबलपुर रूट की गाड़ियों में भी यात्रियों को जगह पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

त्योहारी भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई यात्रियों ने महीनों पहले आरक्षण कराया था, लेकिन इसके बावजूद कंफर्म बर्थ नहीं मिल सकी। वेटिंग टिकट वाले यात्रियों के सामने जनरल कोच से सफर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। जनरल कोचों में क्षमता से कहीं अधिक यात्री सवार होने के कारण चढ़ने-उतरने तक में परेशानी हुई। कई जगह यात्री कोच के दरवाजों पर खड़े रहे तो कुछ गलियारों में ही बैठने की जगह तलाशते नजर आए।

ट्रेन में चढ़ने के लिए रेलवे ट्रैक पार करते नजर आए यात्री

शुक्रवार को भोपाल स्टेशन पर मुंबई से गोरखपुर जाने वाली 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस में भी भीड़ का दबाव साफ नजर आया। जनरल कोच में जगह नहीं मिलने पर कई यात्री टॉयलेट के आसपास खड़े होकर सफर करते दिखाई दिए। शाम करीब 5:30 बजे प्लेटफार्म पर पहुंची राज्यरानी एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए भी यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की जैसी स्थिति बन गई। कुछ यात्री ट्रेन में चढ़ने की जल्दबाजी में दूसरी ओर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करते नजर आए। इससे हादसे की आशंका भी बनी रही। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुरक्षित तरीके से ट्रेन में चढ़ाने के लिए आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।

ट्रेन में जगह नहीं मिली तो बस और निजी गाड़ियों का सहारा



ट्रेनों में सीट नहीं मिलने और लंबी वेटिंग के चलते कई यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बदलनी पड़ी। कुछ यात्री स्टेशन से लौटकर बस स्टैंड पहुंचे और बसों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। वहीं, दीपावली पर परिवार के साथ त्योहार मनाने की मजबूरी में कई लोगों ने समूह बनाकर निजी गाड़ियां बुक कीं। इससे उन्हें सामान्य यात्रा के मुकाबले अधिक खर्च उठाना पड़ा।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026

रूप चौदस आज उबटन लगाकर निखारेंगे रूप

विष्कुंभ योग, हस्त नक्षत्र और लक्ष्मी नारायण राजयोग में भगवान धन्वंतरि, कुबेर की पूजा कर मांगा आशीर्वाद

दीपमालाओं के पांच दिवसीय पर्व की शुरूआत, मुख्यमंत्री ने प्रदेश की खुशहाली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विष्कुंभ योग, हस्त नक्षत्र और लक्ष्मी नारायण राजयोग में शुक्रवार को धूमधाम के साथ धनतेरस पर्व मनाया गया। इस मौके पर भगवान धन्वंतरि और कुबेर की पूजा की गई। शाम ढलते ही पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठा। इसी के साथ दीपमालाओं के पांच दिवसीय पर्व की शुरूआत हुई। जो 6 दिन तक रहेगा। बाजारों में शुक्रवार को गौधूलि बेला में खरीदारों का सैलाब उमड़ पड़ा।

न्यू मार्केट हो या पुराना शहर का बाजार, सभी जगह सुबह से शाम तक खासी भीड़ रही। शनिवार को रूप चतुर्दशी आस्था व उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

मान्यता है कि नरक चतुर्दशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस की कैद से 16008 रानियों को भी मुक्त कराया था। रविवार को दीपावली पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर घर-घर दीप जगमगाएंगे। खूब आतिशबाजी और मिठाई वितरण होगा।

शाम ढलते ही दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा पूरा शहर

मंदिरों की हुई सजावट, भगवान की पूजा-अर्चना कर किया विशेष श्रृंगार



धनतेरस पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूजा-अर्चना की।

राजसी ठाठ-बाट से विराजे मां गोरा व बाबा बटेश्वर: 5100 दीपों से जगमगाया मंदिर

धनतेरस के अवसर पर श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्र प्रदोष एवं धनतेरस के अवसर पर भगवान धनवंतरी कुबेर व माता लक्ष्मी के साथ मां गौरा संग बाबा बटेश्वर का जवाहरात नोट और फूलों से श्रृंगार कर 5001 दीपकों से शिवालय को जगमग किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने प्रदोष एवं धनतेरस के अवसर पर अच्छे स्वास्थ्य के लिए औषधि के देवता धनवंतरी, धन-धान्य के देवता कुबेर एवं धर्म परायण लक्ष्मी प्राप्ति के लिए माता लक्ष्मी के साथ बाबा बटेश्वर एवं मां गौरा का डेढ़ किलो जवाहरात तथा 11 लाख रुपए के नए नोट से दिव्य श्रृंगार किया। इस अवसर पर मंदिर में 5001 दीप जलाए गए। इससे पूरे शिवालय को जगमग हो गया।

सुख-समृद्धि की कामना

चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि विष्कुंभ योग, हस्त नक्षत्र और लक्ष्मी नारायण राजयोग में शुक्रवार को भगवान धन्वंतरि और कुबेर की पूजा कर लोगों धन-सम्पत्ति और अच्छे स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद मांगा।

करुणाधाम में दो करोड़ से अधिक के आभूषणों से श्रृंगार

नेहरू नगर स्थित करुणाधाम में श्रीयंत्र पर स्थापित 5.5 फीट ऊंची सफेद संगमरमर की मां महालक्ष्मी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। दो साटन की लहंगा डिजाइन साड़ियां तिरुवनंतपुरम से मंगाई गई हैं। तीसरी पोशाक के लिए श्रद्धालु ने बहरीन से सोने के तार और सितारों की कारीगरी वाला विशेष कपड़ा भेजा। मंदिर में माता के आभूषणों की कीमत दो करोड़ रुपए से अधिक है। शाम 8 बजे भव्य कंदील शो एवं आतिशबाजी का आयोजन किया गया।



श्री बड़वाले महादेव मंदिर में भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया।

दीपावली पर बिड़ला मंदिर को विशेष रूप से सजाया

राजधानी के लक्ष्मी नारायण बिड़ला मंदिर स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता का श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। माता को मखमली वस्त्र धारण कराए गए। यहां आभूषणों की कीमत एक करोड़ रुपए बताई गई है।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में अहमदाबाद से आई पोशाक

लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण की छह फीट ऊंची सफेद संगमरमर की प्रतिमाओं को आकर्षक वस्त्रों और आभूषणों से सजाया गया। यहां करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण हैं। भोपाल की पदमजा आरके साहू ने अहमदाबाद से विशेष पोशाक तैयार करवाकर अर्पित की। करीब एक लाख रुपए की इस पोशाक में अमेरिकन नेट के कपड़े पर स्काई ब्लू अस्तर और आकर्षक एम्ब्रॉयडरी की गई है।

अष्टलक्ष्मी मंदिर में संबलपुरी परिधान से सजा दरबार

जवाहर चौक स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में संगमरमर से बनी साढ़े चार फीट की मुख्य प्रतिमा सहित सात छोटी प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में अष्टलक्ष्मी के स्वरूप विराजमान हैं। माता को संबलपुर से मंगाई गई लहंगा-चुनरी और साड़ी धारण कराई गई। इसके साथ पांच किलो चांदी और स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया।

16,500 नए वाहन सड़कों पर उतरे, प्रॉपर्टी से पटाखों तक हर सेक्टर में दिखा खरीदारी का उत्साह

धरतेरस पर बाजार में 950 करोड़ से अधिक बरसा धन, खरीदी-बिक्री से लोग मालामाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

- *किसी ने खरीदी कार किसी ने सोने-चांदी में लगाया पैसा*
- *करीब 12 हजार दोपहिया, 4500 कारों की बिक्री*
- *80 किलो सोना और 800 किलो चांदी की खरीदी*
- *कपड़े और घरेलू साज-सजावट के सामान खूब बिके*
- *इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की बिक्री से करीब 80 करोड़ का व्यापार*

धनतेरस पर इस बार भोपाल के बाजारों में सिर्फ खरीदारी नहीं हुई, बल्कि लोगों ने अपनी बचत और निवेश की ताकत भी दिखाई। किसी ने लाखों रुपए की कार घर लाई तो किसी ने सोने-चांदी में निवेश कर भविष्य की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। किसी ने नए मकान और प्लॉट की बुकिंग कराई तो किसी ने परिवार के लिए कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान खरीदा। नतीजा यह रहा कि धनतेरस पर राजधानी के बाजारों में करीब 950 करोड़ रुपए की धनवर्षा का अनुमान सामने आया। बाजार में सबसे ज्यादा पैसा ऑटोमोबाइल और सराफा सेक्टर में पहुंचा।

अकेले वाहन बाजार में करीब 250 करोड़ और सराफा में 200 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। इस बार धनतेरस की सबसे बड़ी तस्वीर यह रही कि शुभ मुहूर्त में खरीदारी का दायरा केवल सोने-चांदी और बर्तनों तक सीमित नहीं रहा। लोगों ने बड़े टिकट वाली खरीदारी में भी खुलकर पैसा लगाया। राजधानी में करीब 12 हजार दोपहिया और 4500 कारों की बिक्री हुई। यानी करीब 16,500 नए वाहन शोरूम से निकलकर सड़कों पर उतरे। दूसरी ओर सराफा बाजार में लगभग 80 किलो सोना और 800 किलो चांदी बिकने का अनुमान है। ये आंकड़े बताते हैं कि त्यौहार पर भोपालियों ने उपभोग के साथ निवेश को भी बराबर तवज्जो दी।

धनतेरस पर ऑटोमोबाइल सेक्टर सबसे बड़ा कमाई का केंद्र बनकर उभरा, 250 करोड़ का कारोबार



न्यू मार्केट में धनतेरस पर खरीदारी करने के लिए भीड़ उमड़ी। दूसरे फोटो में कार के साथ खरीदार।

धनतेरस पर ऑटोमोबाइल बाजार सबसे बड़ा कमाई का केंद्र बनकर उभरा। कारों के साथ बाइक और स्कूटर की भी जमकर बिक्री हुई। ग्राहकों ने लंबे समय से पसंद किए जा रहे मॉडल की बुकिंग कराई और शुभ मुहूर्त में डिलीवरी लेकर घर पहुंचे। कंपनियों के डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस और फाइनेंस ऑफर ने भी खरीदारी को गति दी। कुछ मॉडलों पर सवा लाख रुपए तक के ऑफर दिए गए। मध्य प्रदेश वाहन विक्रेता संघ (फाडा) के प्रदेश अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि धनतेरस पर भोपाल में करीब 12 हजार टू-व्हीलर्स और 4500 कारों की बिक्री हुई। ऑटोमोबाइल सेक्टर में ग्राहकों का उत्साह उम्मीद के अनुरूप रहा। वरेण्यम मोटर्स के संचालक विशाल जौहरी के मुताबिक उनके पांच कार और तीन दोपहिया शोरूम में अच्छी बिक्री हुई। टाटा के कार शोरूम से 650 से अधिक कारों की डिलीवरी दी गई, जबकि दोपहिया वाहनों के शोरूम से 300 से अधिक वाहन बिके। आरएमजे मोटर्स/राजरूप मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन (501) ने बताया कि उनके नेक्सा और एरीना शोरूम से करीब 300 कारों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में मारुति की हिस्सेदारी करीब 45 फीसदी है।

सोना-चांदी में 200 करोड़ का निवेश, भाव घटे तो बढ़ी खरीदारी



सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट ने खरीदारों को खरीदारी का मौका दिया। धनतेरस पर सराफा बाजार में करीब 200 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। राजधानी में लगभग 80 किलो सोना और 800 किलो चांदी की बिक्री हुई। खास बात यह रही कि लोगों ने केवल आभूषण ही नहीं खरीदे, बल्कि निवेश के उद्देश्य से सिक्कों और शुद्ध चांदी की भी खरीदारी की। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, चांदी के बर्तन और पूजन सामग्री की भी मांग रही। सराफा व्यापारी एवं बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने बताया कि सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट के कारण ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस पर करीब 80 किलो सोना और 800 किलो चांदी बिकने का अनुमान है। निवेशकों ने भी शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी में पैसा लगाने में रुचि दिखाई।

घर खरीदने से लेकर बर्तन, घर सजाने तक खर्च करने में पीछे नहीं रहे लोग

धनतेरस पर रियल एस्टेट सेक्टर में करीब 125 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। फर्नीचर बाजार में करीब 25 करोड़ रुपए की खरीदारी हुई। सोफा, बेड और डाइनिंग टेबल जैसे उत्पादों की मांग रही।



न्यू मार्केट में बर्तन खरीदती महिलाएं।

दीपावली की खरीदारी में कपड़े पटाखों पर 200 करोड़ खर्च



कपड़ों की खरीदारी करतीं महिलाएं।

परिवारों की त्योहार संबंधी जरूरतों ने कपड़ा और पटाखा बाजार को भी बड़ी कमाई कराई। कपड़ा बाजार में साड़ी, सूट, लहंगे और रेडीमेड गारमेंट्स की बिक्री से करीब 100 करोड़ रुपए का कारोबार अनुमानित है। वहीं पटाखा बाजार में भी लगभग 100 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद है। बच्चों की आतिशबाजी से लेकर परिवारों की दीपावली सजावट तक लोगों ने जमकर खरीदारी की।

इलेक्ट्रॉनिक्स से मिठाई तक हर दुकान पर खुला ग्राहकों का पर्स

टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की बिक्री से करीब 80 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। बर्तन बाजार में स्टील, पीतल, तांबे और आधुनिक किचन उत्पादों की खरीदारी से करीब 60 करोड़ रुपए का अनुमान है। मिठाई बाजार में 30 करोड़, ड्राई फ्रूट्स में 20 करोड़ रुपए और किराना बाजार में 20 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। घरों और दुकानों को सजाने के लिए लाइटिंग और सजावटी सामान पर भी करीब 20 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। वहीं पूजा सामग्री के बाजार में लगभग 10 करोड़ रुपए की खरीदारी हुई।

एक दिन में हुए 400 करोड़ की प्रॉपर्टी के सौदे

धनतेरस पर हस्त नक्षत्र... शाम पौने पांच बजे तक 668 रजिस्ट्री



आईएसबीटी स्थित पंजीयन कार्यालय में लोगों की भीड़।

- *एग्रीमेंट और मॉडगेज के दस्तावेज ज्यादा, एक दिन में 13 करोड़ की आमदनी*
- *खरीदारों के लिए खोले थे 988 स्लॉट अब मंगलवार को होगी रजिस्ट्री*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली के पांच दिनी दीपोत्सव की शुरूआत शुक्रवार से हो गई है। धनतेरस के दिन हस्त नक्षत्र होने से शहर के आईएसबीटी और परी बाजार में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ देखी गई। शाम साढ़े छह बजे तक जिले में 668 रजिस्ट्री हुई, जिसमें पंजीयन विभाग को एक दिन में करीब 13 करोड़ की आमदनी हुई है। हालांकि चार सौ करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी के सौदे होना आंका गया है। इसमें एग्रीमेंट और मॉडगेज के दस्तावेज अधिक रहे।

पंजीयन दफ्तरों में लोगों ने धनतेरस को देखते हुए एक दिन पहले ही रजिस्ट्री के स्लॉट बुक करा लिए थे। सबसे ज्यादा रजिस्ट्री हमेशा की तरह आईएसबीटी स्थित पंजीयन कार्यालय के संभाग भोपाल टू में दर्ज हुईं। अब तीन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को ही प्रॉपर्टी के खरीदार रजिस्ट्री करा सकेंगे। होशंगाबाद रोड, कोलार, मिसरोद, जाटखेड़ी, अरेरा कॉलोनी, बावड़िया कलां क्षेत्रों में प्रॉपर्टी की ज्यादा खरीद फरोख्त हुई। पंजीयन अफसरों की मानें तो इस बार डुपलेक्स में काफी अच्छे सौदे हुए। रियल एस्टेट कारोबारियों का कहना है कि जब ये कारोबार दौड़ता है तो तब रेत, गिट्टी, मुरम, पत्थर समेत सभी कारोबार रफ्तार पर रहते हैं।

दिन में अटका, शाम को चला सर्वर

शुभ मुहुर्त में रजिस्ट्री की तादाद बढ़ने को लेकर पंजीयन विभाग के अफसर सुबह से ही सर्वर पर नजर रख रहे थे। दोपहर में 12 से 2 बजे की बीच सर्वर की रफ्तार कम हुई, सर्विस प्रोवाइडर्स नए स्लॉट बुक नहीं कर सके, लेकिन शाम चार बजे से सर्वर ने रफ्तार पकड़ ली। आईएसबीटी और परी बाजार में प्रॉपर्टी के खरीदारों को परेशान होना पड़ा।

सब रजिस्ट्रार के लिए खोले अनलिमिटेड स्लॉट

वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि प्रॉपर्टी के खरीदारों की तादाद को देखते हुए पहले से स्लॉट बढ़ा दिए गए हैं। दस से पंद्रह मिनट में रजिस्ट्री की जा रही है। जिले में पदस्थ 13 सब रजिस्ट्रारों को प्रति सब रजिस्ट्री 76 स्लॉट दिए गए हैं।

न्यू मार्केट से रेतघाट तक रेंगते रहे वाहन, कटारा हिल्स से बागसेवनिया और मिसरोद तक लगा लंबा ट्रैफिक जाम

दीपावली के लिए खरीदारी की भीड़ से शहर की सड़कें जाम, घंटों तक थमे रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़ का असर शुक्रवार को शहर की सड़कों पर दिखाई दिया। खरीदारी के लिए घरों से निकले लोगों को बाजारों तक पहुंचने से ज्यादा मुश्किल वापस लौटने में हुई।

शहर के प्रमुख बाजारों से लेकर कॉलोनियों को जोड़ने वाली सड़कों तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात ऐसे बने कि चंद किलोमीटर का सफर तय करने में लोगों को एक से दो घंटे तक लग गए। न्यू मार्केट से रेतघाट तक वाहन रेंगते रहे, वहीं कटारा हिल्स से बागसेवनिया और बागसेवनिया से मिसरोद तक करीब चार से पांच किलोमीटर के दायरे में जाम लगा रहा। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ी। कई लोग वाहनों में घंटों फंसे रहे, तो कुछ को भीड़ और गर्मी के बीच पैदल ही रास्ता तय करना पड़ा। यातायात पुलिस का विशेष प्लान और अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी भीड़ के आगे बेअसर नजर आई।

जल्द निकलने की होड़ में और बिगड़े हालात, महिला, बच्चे और बुजुर्ग घंटों फंसे रहे



रोशनपुरा चौराहे पर शाम को लगा लंबा ट्रैफिक जाम।

यातायात व्यवस्था संभालने पुलिस ने 390 से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई थी। इसके अलावा थानों की पुलिस भी तैनात रही, लेकिन त्योहार की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोगों के सड़कों पर उतरने से व्यवस्था चरमरा गई। जाम में फंसने के बाद जल्द निकलने की कोशिश में कई वाहन चालकों ने गलत दिशा और दूसरी ओर से वाहन निकालने शुरू कर दिए। इससे आमने-सामने से आ रहे वाहनों के कारण रास्ते और संकरे हो गए। कई जगह दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। इस अव्यवस्था में एंबुलेंस और जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

न्यू मार्केट-रोशनपुरा, मोती मस्जिद से रेतघाट तक लंबी कतारें

शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में शामिल न्यू मार्केट, रोशनपुरा, रवींद्र भवन रोड, मोती मस्जिद से रेतघाट, पुलिस कंट्रोल रूम, पीएचक्यू मार्ग, जहांगीराबाद, जनकपुरी, हनुमानगंज और जुमेराती क्षेत्र में दिनभर यातायात प्रभावित रहा। बाजारों के आसपास वाहनों का दबाव इतना बढ़ गया कि कई स्थानों पर आधा से एक किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। खरीदारी के लिए आए परिवारों को बाजार से बाहर निकलने में भी काफी समय लगा।



नर्मदापुरम रोड पर लगी वाहनों की लंबी कतारें।

शाम 4 से रात 10 बजे तक जाम में जूझते रहे लोग

कटारा हिल्स से बागसेवनिया तक शुक्रवार शाम करीब 4 बजे से रात 10 बजे तक वाहनों की रफ्तार थमी रही। सीसी सड़क और सीमेंट सड़क दोनों पर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं। इसी तरह बागसेवनिया थाना चौराहे से मिसरोद तक शाम 4 से रात 8 बजे के बीच करीब पांच किलोमीटर के दायरे में जाम के हालात बने रहे। ऑफिसों की छुट्टी के बाद घर लौट रहे लोगों और त्योहार की खरीदारी के लिए निकले परिवारों के वाहन एक साथ सड़कों पर आने से स्थिति बिगड़ गई। बच्चों के साथ महिलाएं व बुजुर्गों परेशान हुए।

खबर संक्षेप



कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष जैन का स्वागत

औबेदुल्लागंज। नवनियुक्त कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष महेश जैन का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, संतराम भाटिया, संतोष सेन ने स्वागत किया एवं संगठन को मजबूत करने का वादा किया।

सीएम, प्रदेश अध्यक्ष ने अर्पित की पुष्पांजलि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने शुक्रवार को भिंड विधायक नरेंद्र कुशवाहा के पुत्र पुष्पेंद्र कुशवाहा के निधन पर उनके निवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

पेंशन वृद्धि पर शासन ने तलब की रिपोर्ट

भोपाल। छतरपुर के समाजसेवी डॉ. संजय कुमार शर्मा की आवाज सत्ता के शीर्ष गलियारों तक पहुंच गई है। डॉ. शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजे गए ज्ञापन के बाद वल्लभ भवन में हलचल तेज हो गई है।



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय को नियमानुसार कार्रवाई करने तथा संबंधितों एवं विभाग को अवगत कराने के निर्देश जारी किए हैं। जारी अधिकृत पत्र में शासन के अवर सचिव जगन्नाथ जाटव ने कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिसकी प्रतिलिपि डॉ. संजय कुमार शर्मा को भी भेजी गई है। डॉ. संजय कुमार शर्मा ने शासन के समक्ष स्पष्ट रूप से मांग रखी है कि मध्य प्रदेश में दिव्यांग पेंशन की राशि को तुरंत 600 से बढ़ाकर कम से कम 3,000 प्रति माह किया जाए। हर महीने तय समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर महंगाई के अनुपात में स्वतः पेंशन वृद्धि के लिए एक ठोस व पारदर्शी नीति निर्धारित करने की भी पुरजोर मांग की है।

गुपचुप दो दिन से थाने में चल रही थी पूछताछ | **तीन थानों** की टीमें चोर की सरगर्मी से कर रही तलाश | **घर ले जाते वक्त** झांसा देकर चंपत हुआ आरोपी

शातिर चोर से माल बरामद होता उससे पहले ही वह पुलिस को चकमा देकर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड थाने में पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिए गया कुख्यात संदेही चोर माल बरामदगी कराने से पहले झांसा देकर फरार हो गया। घटना शुक्रवार रात लगभग साढ़े आठ बजे हुई थी। मामले में संदेही उसके पूर्व में गिरफ्तार साथी ने फरार हुए बदमाश के नाम का खुलासा किया था।

आरोपी की धरपकड़ के लिए तीन थानों की टीम सरगर्मी से जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार संदेही कृष्णा गिरी उर्फ छिहतर है। आरोपी बागसेवनिया थाने का निगरानी बदमाश है। उससे परेशान होकर उसकी पत्नी कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में स्थित मायके में रहने चली गई है। वह लगभग छह महीने से कटारा हिल्स में ही रहने लगी है।



एआई जनरेटेड।

कई मामलों में पहले से वांछित है आरोपी

दरअसल, पुलिस को पूर्व में गिरफ्तार उसके साथी चोर ने बताया था कि उसके पास माल रखा हुआ है। वह माल लाखों रुपए का था। उसकी धरपकड़ की जा रही है पता चलने पर वह लंबे अरसे से गायब था। वह दीपावली मनाने कुछ दिन पहले ही अपने घर लौटा था। यह पता चलने पर कोलार रोड पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। उसको कोलार रोड थाने से पुलिस की टीम लेकर निकली थी। वह कटारा हिल्स इलाके में घर जाने से पूर्व चंपत हो गया। उसके फरार होने की पुष्टि करते हुए सहायक पुलिस उपायुक्त आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि धरपकड़ के लिए तीन थानों की टीम जुटी है।

स्टेशन बजरिया में आरोपी के भाई के निधन पर बातचीत कर रहे युवक को टोकने पर हुआ विवाद

पेपर कटर से गाल, होंठ समेत कई जगह मारकर किया जानलेवा हमला

स्टेशन बजरिया इलाके में एक व्यक्ति के शरीर में पेपर कटर से कई वार करके जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावर अपने भाई के निधन पर घटना स्थल आया था। वहां हमले में जख्मी व्यक्ति से घर में निधन होने की बात बोलकर दूर जाकर बातचीत करने की मामूली कहासुनी पर यह विवाद खड़ा हुआ था।

पुलिस के अनुसार हमले में 50 वर्षीय राजेश कुशवाहा बुरी तरह से जख्मी है। उसके चेहरे गाल, होंठ के अलावा शरीर में एक दर्जन पेपर कटर से गंभीर वार किए गए हैं। वह बातचीत करने की अवस्था में नहीं हैं। इस कारण पुलिस ने जख्मी के छोटे भाई दीपक कुशवाहा की शिकायत पर जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया है। दीपक ऑटो चलाने का काम करता है, जबकि राजेश कुशवाहा निजी काम करता है। हमले की घटना गुरुवार रात लगभग नौ बजे राजेंद्र नगर कॉलोनी में हुई थी। राजेश कुशवाहा उसी कॉलोनी में रहता है। घर के ही नजदीक मकान में रहने वाले एक व्यक्ति की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। जिस व्यक्ति की मौत हुई उसका मकान मालिक राजेश कुशवाहा का दोस्त हैं। वह उसके घर जाकर उससे बातचीत कर रहा था। तभी वहां पर मरने वाले व्यक्ति का भाई गोलू ठाकुर आया हुआ था। वह ईंटखेड़ी में स्थित कारखाने में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करता है। वह बातचीत कर रहे मकान मालिक और राजेश कुशवाहा से आकर बोला कि उसके भाई का निधन हो गया है। इसलिए दोनों व्यक्ति दूसरी जगह जाकर बातचीत करें। इसी बात पर हुई कहासुनी खूनी संग्राम में बदल गई। आरोपी गोलू ठाकुर ने पेपर कटर से राजेश कुशवाहा के शरीर पर कई जगह वार करके बुरी तरह से जख्मी कर दिया। पुलिस ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने गोलू ठाकुर को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

छठवीं कक्षा की छात्रा से मनचले ने की मारपीट

राजधानी में एक मनचले के सनसनीखेज दुस्साहस का मामला सामने आया है। घटना निशातपुरा इलाके में हुई। पीड़िता कक्षा छठवीं की छात्रा है, जिसने आरोपी को सबक सिखाने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतर आया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी रोहित अहिरवार है। वह पिछले तीन महीनों से पीड़िता को स्कूल आते-जाते पीछा करना और फब्ती कसता था। पीड़िता की उम्र चौदह साल है। आरोपी बालिग है, जिसको परिजनों ने मुलाकात करके समझाया भी था। जब वह नहीं सुधरा तो पीड़िता ने ही रास्ते में पकड़कर उसको सबक सिखाया।

वारदात के वक्त महिला का मूक-बधिर बेटा था नाइट ड्यूटी पर

75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की क्रूर हत्या गहने और सोने के दांत उखाड़ ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद इलाके के वाजपेयर मल्टी में एक 75 साल की बुजुर्ग महिला कलरी देवी की फ्लैट में हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह पड़ोसन ने दरवाजा खुला देखा तो अंदर उनका शव पड़ा था। गले पर चोट के निशान थे। महिला के सोने के गहने और नकली दांत में लगा सोना गायब था। हत्यारे सोने को दांत उखाड़ कर ले गए हैं। वारदात के वक्त उनका मूक-बधिर बेटा नाइट ड्यूटी पर था।



एफएसएल टीम को घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मिले। महिला के शरीर पर कई वार किए गए थे। पुलिस को करीबियों पर शक है। पड़ोस में रहने वाली वर्षा ने बताया कि वह अक्सर रात में कलरी देवी को आवाज देकर उनका हाल पूछती थी। शुक्रवार सुबह कुछ हलचल सुनकर उन्होंने अम्मा को आवाज लगाई, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह फ्लैट में पहुंची। कलरी देवी को अचेत देखकर शोर मचाया और रिश्तेदारों व पड़ोसियों को बुलाया। फिर पुलिस को सूचना दी।



वृद्धा की हत्या के बाद शव को ले जाने के लिए मौजूद लोग।

सोने के दांत की जानकारी रखने वाले पर शक

पुलिस जांच कर रही है कि कलरी देवी के नकली दांत में सोना होने की जानकारी किसे थी। उनके सोने के गहने भी गायब हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी को महिला के बारे में पहले से जानकारी थी। फ्लैट का दरवाजा खुला मिलने से अंदेशा है कि उन्होंने किसी परिचित की आवाज सुनकर दरवाजा खोला होगा। हालांकि पुलिस ने अभी किसी की भूमिका की पुष्टि नहीं की है।

वृद्धा की चार बेटियां एक बेटा है

कलरी देवी की चार बेटियां हैं। सभी शादीशुदा हैं। उनका इकलौता बेटा मूक-बधिर और अविवाहित है। वह श्यामला हिल्स स्थित सरकारी कार्यालय में नौकरी करता है। इन दिनों उसकी नाइट ड्यूटी थी। इसलिए वारदात के समय वह घर पर नहीं था। पुलिस बेटे और अन्य परिजन से पूछताछ कर रही है।

दो साल पहले बच्ची की हत्या के बाद लगे थे कैमरे

वाजपेयी नगर मल्टी की सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। यहां न गार्ड है और न एंट्री गेट, जहां आने-जाने वालों की निगरानी हो सके। करीब दो साल पहले इसी मल्टी में पांच साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया था। बाद में पड़ोसी ने उसकी हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद मल्टी में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये कैमरे फिलहाल बंद हैं। पुलिस आसपास के अन्य कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

मनुआभान टेकरी के पास से धरदबोचा, 30 हजार रुपए की है जब्त एमडी

कोहेफिजा पुलिस ने तस्कर से जब्त की 5.30 ग्राम एमडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने मनुआभान टेकरी के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.30 ग्राम एमडी जब्त की है। जब्त एमडी की कीमत तीस हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी तस्कर पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर एमडी के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार पुलिस की टीम क्षेत्र के स्नूकर क्लब, हुक्का बार, बियर बार, रेस्टोरेन्ट, जिम और मादक पदार्थों के क्रय विक्रय से सबंधित पूर्व मे चिन्हित किए गए हॉट स्पाटों पर नजर रखे हुए है और समय पर नियमित चेकिंग कर रही है। पांच नवंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक एमडी ड्रग्स बेचने के लिए मनुआभावन टेकरी जाने वाले सुनसान रास्ते पर खड़ा है।

सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और मनुआभावन टेकरी के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चार छोटे पैकेटों में 5.30 ग्राम एमडी ड्रग्स मिला।

साथी से लेकर आया था ड्रग्स

पूछताछ में आरोपी की पहचान राकेश यादव पिता किशन यादव निवासी (38) इन्द्रविहार कॉलोनी कोहेफिजा के रूप में की गई। राकेश यादव ने पूछताछ में बताया कि उक्त एमडी वह अपने साथी यश यादव निवासी बुधवारा से लेकर आया था। उसे एमडी इन्द्रविहार, सनसिटी, सीटीओ के आसपास नशे के आदि व्यक्तियों के बेचना था। आरोपी ने बताया कि कभी -कभी एमडी ड्रग्स का सेवन वह खुद भी करता था।

श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर परिसर में होगा आयोजन

पाल समाज मनाएगा गोवर्धन पूजा मेधावी प्रतिभाओं का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में पाल समाज धार्मिक परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल करने जा रहा है।

पाल समाज श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर समिति की ओर से 9 नवंबर, सोमवार को टीटी नगर स्थित पाल समाज के प्राचीन श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर परिसर में भव्य गोवर्धन पूजा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पाल समाज की सामाजिक एकजुटता, धार्मिक आस्था और प्रतिभाओं की उपलब्धियों की झलक द `खने को मिलेगी।

समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बघेल और मीडिया प्रभारी भानु प्रताप सिंह पाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे विधि-विधान से गोवर्धन पूजा के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

गोदाम में लटकी मिली कारोबारी की लाश

भोपाल। हनुमानगंज स्थित कबाड़ खाने में कारोबारी कमल कुमार केशवानी ने गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके साले ने उनकी लाश गोदाम में फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने कारोबारी का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार कमल कुमार केशवानी (57) अलार्क सोसाइटी जेल रोड गांधीनगर में रहते थे। उनका न्यू कबाड़ खाना क्षेत्र में डिस्पोजल का गोदाम था, वह गोदाम से व्यापारियों को डिस्पोजल की डिलीवरी कहते थे। खुद भी डिलीवरी देते थे।

---

10 नवंबर को आएगा नया पश्चिमी विक्षोभ

राजधानी में रात का पारा 12.8 डिग्री, गर्म कपड़े निकले, दो दिन में और बढ़ेगी सर्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सर्दी अब लगातार बढ़ रही है। राजधानी में शुक्रवार को सीजन में पहली बार रात का पारा 12.8 डिग्री रहा। इससे रात में ठंडक बढऩे से गर्म कपड़ों का उपयोग शुरू हो गया है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार शाम से ही हवाएं बदल कर उत्तरी होने से सर्दी का असर बढ़ा है। अगले दो 3 दिन में ठंडक और बढ़ जाएगी। 10 नवंबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है, इससे सर्दी और अधिक बढ़ेगी। इस महीने तीसरे सप्ताह से प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की सर्दी शुरू हो सकती है।

7 शहर 13 डिग्री के नीचे

शुक्रवार को भोपाल सहित 7 शहरों में रात का पारा 13 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। इनमें प्रमुख रूप से इंदौर 12, कल्याणपुर (शहडोल) और दमोह 12.2, गिरवर (शाजापुर) 12.6, उमरिया 12.7, भोपाल तथा पचमढ़ी (नर्मदापुरम) में रात का पारा 12.8 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार अब पूर्वी मध्य प्रदेश में अगले 2-3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आने की उम्मीद है।

पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदान में ठंडक

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी हिमाचल, जम्मू कश्मीर सहित पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी शुरू हो चुकी है। इससे हवाएं उत्तरी होने पर मैदानी इलाकों में सर्दी का असर बढ़ता है। यह क्रम अब लगातार जारी रहेगा। नए पश्चिमी विक्षोभ के आने से बर्फबारी बढऩे के साथ ही मैदानी इलाकों में सर्दी तेजी से बढ़ेगी।

पार्षद को पैसे देने की चर्चा, नप के कई कर्मचारी भी घेरे में

वार्ड 4 की शासकीय भूमि की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में 1 पार्षद की भूमिका पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज में शासकीय भूमि की कथित फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद नए खुलासों की चर्चा है।

जिन लोगों के नाम इस मामले में एफआईआर में दर्ज हैं, उनमें से कुछ लोगों ने कथित तौर पर एक पार्षद को शासकीय भूमि की रजिस्ट्री कराने के लिए पैसे देने की चर्चा है। हालांकि यह लोग उस पार्षद का नाम पुलिस को बताने की बात कह रहे हैं। यदि यह दावा सही साबित होता है तो जांच का दायरा और बढ़ सकता है।

हालांकि, संबंधित पार्षद की पहचान और कथित लेनदेन की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। वहीं, नेता एवं नगर परिषद के कुछ कर्मचारियों की भूमिका को लेकर भी चर्चा है। आरोपों और चर्चाओं के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या किसी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी के संरक्षण में कथित रूप से रसीदें काटी गईं और बाद में रसीदों एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का रिकॉर्ड गायब किया गया? इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि नगर परिषद के पूर्व कार्यकारी सीएमओ एवं राजस्व अधिकारी राजकुमार शर्मा को महत्वपूर्ण अभिलेख गायब होने के मामले में निलंबित किया जा चुका है। मकान टैक्स और नामांतरण से संबंधित फाइलें गायब होने के मामले में यह कार्रवाई हुई थी। वहीं, कर्मचारी आशीष यादव को भी फर्जी रसीद काटने के मामले में निलंबित किया गया था।

हरिभूमि ने प्रमुखता से उजागर किया था मुद्दा

अब शासकीय भूमि की फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में एफआईआर दर्ज होने के बाद रिकॉर्ड, रसीदों और संबंधित दस्तावेजों की भूमिका फिर जांच के केंद्र में आ गई है। उल्लेखनीय है कि शासकीय भूमि की फर्जी रजिस्ट्री से जुड़े इस मामले को सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से उजागर किया था। अब लोगों नजर इस पूरे प्रकरण में कथित लेनदेन, संबंधित लोगों और नगर परिषद के रिकॉर्ड से जुड़े तथ्यों पर बनी हुई है। वहीं हरिभूमि प्रतिनिधि ने जिन जिन की रजिस्ट्री हुई है, उनके संपर्क में जिन-जिन लोगों का एफआईआर में नाम आया है, वह रजिस्ट्रीकर्ता पुलिस गवाह बनने के लिए प्रयासरत है।

कलेक्टर ने स्थानीय विक्रेताओं से दीप व स्वदेशी उत्पाद खरीदे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शुक्रवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने औबेदुल्लागंज हाट बाजार का भ्रमण कर पथ विक्रेताओं से मिट्टी के दीपक एवं स्थानीय सामग्री खरीदी। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर सिसोनिया ने शासकीय अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाएं, साफ-सफाई एवं मरीजों को मिल रही सेवाओं की जानकारी ली और निर्देश दिए। कलेक्टर सिसोनिया ने शासकीय सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशाला तथा विद्यालय भवन में प्रगतिरत कार्यो का अवलोकन किया कर निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ तथा एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, औबेदुल्लागंज नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले, जनपद पंचायत सीईओ औबेदुल्लागंज निखिलेश कटारे, तहसीलदार निलेश सरवटे आदि मौजूद रहे।

कोलार थाना पुलिस की डायल-112 टीम को दिखाई दिया

जागरण लेक सिटी की ओर फिर टाइगर का मूवमेंट दिखा, वन विभाग ने अलर्ट जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के अमरनाथ रोड से जागरण लेक सिटी जाने वाले रास्ते पर गुरुवार रात टाइगर का मूवमेंट देखा गया है। कोलार थाना पुलिस की डायल-112 टीम को यह टाइगर दिखाई दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

16 सेकंड के इस वीडियो में टाइगर सड़क किनारे जाली के पार बैठा नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि यह इलाका बाघों के भ्रमण क्षेत्र में आता है।

यहां पहले से कई बाघों की मौजूदगी है। ऐसे में वन विभाग ने इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को अलर्ट किया है। वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है। वन विभाग की ओर से शुक्रवार को सर्चिंग अभियान चलाया। हालांकि अभी तक टाइगर के मूवमेंट को लेकर पुष्टि नहीं की।



सड़क किनारे झाड़ियों में बैठा बाघ।

25 किलोमीटर के दायरे में बाघों का मूवमेंट

भोपाल के आसपास करीब 25 किलोमीटर के दायरे में बाघों का मूवमेंट है। कलियासोत और केरवा के जंगलों के साथ ही कोलार-बैरसिया इलाके में भी टाइगर देखे गए हैं। फरवरी 2022 में चूना भट्टी चौराहे स्थित भोज यूनिवर्सिटी कैंपस में भी टाइगर का मूवमेंट सामने आया था। कोलार में भी टाइगर देखा जा चुका है। भोपाल के कलियासोत, केरवा, समरधा, अमोनी और भानपुर के दायरे में 13 रेसिडेंशियल बाघ हैं। इनका जन्म यहीं हुआ है और अब इसी क्षेत्र में इनका दबदबा कायम है। बाघिन टी-123 का तो पूरा कुनबा है। कई बार भोज यूनिवर्सिटी में भी बाघ की चहल-कदमी देखने को मिली है। शहर से जुड़े रातापानी के जंगल में भी बाघों की मौजूदगी है।

टिकट जांच के दौरान दो बच्चों पर पड़ी नजर, टीटीई ने दिखाई संवेदनशीलता, परिजनों को करेंगे सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिल्मों में जिस तरह बजरंगी भाईजान बिछड़े बच्चों को उनके परिवार से मिलाने की जिम्मेदारी निभाते हैं, कुछ ऐसी ही मानवीय पहल भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक टीटीई ने की। टिकट जांच के दौरान घर से बिना बताए निकले दो बच्चों को देखकर टीटीई ने न सिर्फ उनकी परेशानी समझी, बल्कि उन्हें सुरक्षित संरक्षण दिलाने और परिजनों तक पहुंचाने के लिए भी तत्काल कदम उठाए।

कानपुर से बिना बताए घर छोड़कर भोपाल पहुंचे थे बच्चे



भोपाल स्टेशन पर मौजूद टीटीई व बच्चे।

बिना परिजनों को बताए घर से निकल आए

मामला शुक्रवार का है। भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर टिकट जांच के दौरान टीटीई देवेंद्र कुमार तिवारी की नजर दो बच्चों पर पड़ी। बच्चों से पूछताछ की तो वे पहले इधर-उधर की बातें कर जानकारी छिपाने की कोशिश करते रहे। उन्होंने बच्चों को विश्वास में लेकर पूछताछ की। इसके बाद बच्चों ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के कानपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं और बिना परिजनों को बताए घर से निकल आए हैं। बच्चों की बात सुनते ही तिवारी ने मामले की गंभीरता को समझा। उन्होंने तत्काल रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द कर सुरक्षित संरक्षण दिलाने और उनके परिवार तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कराई।

मुख्य सचिव बर्णवाल ने किया सीहोर के औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण

बड़ियाखेड़ी एवं झिलेला औद्योगिक क्षेत्र में विकास, निवेश और रोजगार के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने शुक्रवार को सीहोर जिले के औद्योगिक विकास और औद्योगिक गतिविधियों का जायजा लेने के लिए सीहोर तहसील के औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी एवं आस्टा तहसील के औद्योगिक क्षेत्र झिलेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित अधोसंरचना, स्थापित एवं संचालित औद्योगिक इकाइयों, निवेश की स्थिति, रोजगार के अवसरों तथा उद्योगों के संचालन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और उद्योगों के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

झिलेला में अधोसंरचना, स्थापित इकाइयों, निवेश और रोजगार की ली विस्तार से जानकारी

सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस में ट्रांसफार्मर निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से देखा

मुख्य सचिव ने औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया



सीहोर के औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में सीजी पावर यूनिट का निरीक्षण करते मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, साथ में कलेक्टर बालागुरू के. और एमपीआईडीसी के अधिकारी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव बर्णवाल ने औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से जिले में हो रहे औद्योगिक विस्तार, निवेश की संभावनाओं और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की स्थिति को जाना। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उद्योगों के विकास और संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने यह भी जाना कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों को किस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग के बारे में जानकारी ली।

ट्रांसफार्मर निर्माण की देखी प्रक्रिया

मुख्य सचिव बर्णवाल ने सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने ट्रांसफार्मर निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और निर्माण के विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उद्योग में अपनाई जा रही निर्माण प्रक्रिया, उत्पादन गतिविधियों तथा औद्योगिक इकाई के संचालन की व्यवस्थाओं को समझा। इस दौरान संबंधित उद्योग एवं एमपीआईडीसी के अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मर निर्माण और औद्योगिक उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने मुख्य सचिव को सीहोर जिले में स्थापित औद्योगिक केंद्रों के विकास, औद्योगिक इकाइयों की वर्तमान स्थिति तथा जिले में संचालित औद्योगिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले में हुए निवेश, उद्योगों के संचालन, रोजगार सृजन और औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी अवगत कराया। सीहोर जिले में बड़ियाखेड़ी एवं झिलेला औद्योगिक क्षेत्र औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। यहां स्थापित औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से जिले में निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चन्द्र मोली शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक विशाल सिंह चौहान, उद्योगपति, निदेशक आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत स्वामित्व दस्तावेजों के पंजीयन अभियान में हुए शामिल

किसानों व ग्रामवासियों को उनकी संपत्ति का पूरा अधिकार दिया जा रहा है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को मुरैना के ग्राम करूआ में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत स्वामित्व दस्तावेजों के पंजीयन अभियान में शामिल होकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के बाद संपत्तियों की पक्की रजिस्ट्री का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण था। गांव में अपनी जमीन पर लाखों रुपए खर्च कर पक्का मकान बनाने के बाद भी उस संपत्ति का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज नहीं होता था।

बैंक भी उस संपत्ति पर कोई ऋण नहीं देते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीण आबादी को पट्टे दिए। अब राज्य सरकार ने संपत्तियों की पक्की रजिस्ट्री कराने का अभियान शुरू किया है। जिला प्रशासन के सभी अधिकारी, तहसीलदार-पटवारी मिलकर ग्रामवासियों को दीपावली पर निःशुल्क रजिस्ट्री के जरिए खुशियां बांट रहे हैं। मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत किसानों और ग्रामवासियों को उनकी संपत्ति का पूरा अधिकार दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में प्रदेशभर में 50 लाख निःशुल्क रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य रखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दिए थे पट्टे, अब राज्य सरकार करा रही पक्की रजिस्ट्री, तहसीलदार-पटवारी दीपावली पर बांट रहे खुशियां, मुख्यमंत्री ने करूआ के प्राथमिक स्कूल को माध्यमिक स्कूल में उन्नयन करने की भी घोषणा की



मुरैना के ग्राम करूआ में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल।

सीएम ने हितग्राहियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना जिले के ग्राम करुआ में प्राथमिक स्कूल का उन्नयन कर इसे माध्यमिक स्कूल करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धनतेरस के शुभ अवसर पर मुरैना जिले के ग्राम करुआ में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना अंतर्गत आयोजित स्वामित्व दस्तावेजों के पंजीयन अभियान कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया तथा रिमोट का बटन दबाकर मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद योजना के हितग्राहियों से आत्मीय संवाद किया।

ग्रामीणों के जीवन में बदलाव ला रही सरकार: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का विधिवत मालिकाना हक दिलाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सरकार की इस पहल से वर्षों से अपने मकानों में निवास कर रहे ग्रामीण परिवारों को अब अपनी संपत्ति का कानूनी दस्तावेज मिलेगा, जिससे उनके अधिकारों को मजबूती मिलेगी और आर्थिक आत्मनिर्भरता के नए रास्ते खुलेंगे।

कार्यकर्ता को गढ़ने, विचारधारा को मजबूत करने में पार्टी कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका : सीएम

मुरैना में संभागीय कार्यालय का हुआ लोकार्पण, सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता निर्माण की वास्तविक शुरुआत पार्टी कार्यालय से होती है। राजनीतिक दल के रूप में सरकार बनाना और संगठन का विस्तार करना महत्वपूर्ण है, लेकिन कार्यकर्ता को गढ़ने, उसकी विचारधारा को मजबूत करने और संगठन के प्रति उसके समर्पण को दिशा देने में पार्टी कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुरैना में जिला कार्यालय का निर्माण संगठन को नई ऊर्जा, ताकत और दिशा प्रदान करेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने शुक्रवार को मुरैना स्थित भाजपा संभागीय कार्यालय का लोकार्पण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

चंबल संभाग के कार्यकर्ताओं का यह नया घर

मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थरों से निर्मित संरचना नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम, समर्पण, संकल्प और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। इस भवन में कार्यकर्ताओं के विचार-मंथन, चिंतन, प्रशिक्षण और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर सुविधाएं विकसित की गई हैं। यह चंबल संभाग के भाजपा कार्यकर्ताओं का नया घर है और मैं इस घर में प्रतिदिन आऊंगा।

संगठन की शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है : चंद्रशेखर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी विशेषता उसका कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा में पद से अधिक महत्वपूर्ण दायित्व और व्यक्ति से अधिक महत्वपूर्ण संगठन की विचारधारा है। यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

पार्टी कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए मंदिर के समान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि विशाल कार्यालय संगठन की दूरदर्शिता और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है। पार्टी कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए मंदिर के समान होते हैं। भाजपा देश का एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जो नेताओं के घरों से नहीं, बल्कि पार्टी कार्यालयों से संचालित होता है। भाजपा किसी व्यक्ति अथवा परिवार पर आधारित पार्टी नहीं, बल्कि विचारधारा, संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर चलने वाला राजनीतिक संगठन है।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के छोटा होने पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उठाए सवाल

'सरकार सदन छोटा कर सकती है लेकिन जनता के सवालों को नहीं

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा का शीतकालीन सत्र छोटा बुलाए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन छोटा कर सकती है, लेकिन जनता के सवालों को नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक दल विधानसभा में जनता के हर मुद्दे को मजबूती से उठाएगा और भाजपा सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह बनाएगा। सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के सवालों से भाग रही है, इसलिए विधानसभा का सत्र फिर सिर्फ 5 दिन का बुलाया गया है। मध्यप्रदेश में समस्याओं का अंबार है, लेकिन भाजपा सरकार के पास विधानसभा में चर्चा के लिए समय नहीं है। शीतकालीन सत्र मात्र 5 दिनों का बुलाया गया है। इससे पहले मानसून सत्र भी 5 दिन का था, लेकिन उसे 3 दिन में ही खत्म कर दिया गया।



गंभीर मुद्दों पर चाहिए सरकार से जवाब

सिंघार ने कहा कि बालाघाट में बच्चों की मौत, सागर और देवास में जहरीली शराब से मौतें, किसानों की बदहाली, युवाओं की बेरोजगारी, महिलाओं की सुरक्षा, आदिवासी अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बढ़ता कर्ज और बिगड़ती कानून-व्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दों पर जनता को सरकार से जवाब चाहिए, लेकिन सरकार अपनी जवाबदेही से बचना चाहती है। प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों से चुने गए विधायक 7 करोड़ से अधिक जनता की आवाज हैं। जब जनता के इतने सवाल हों, तो विधानसभा में चर्चा के लिए समय बढ़ना चाहिए, घटाना नहीं!

नहीं मिला वेतन, फीकी हुई दैवेभो, सुरक्षा श्रमिकों, अंशकालीन कर्मचारी की दीपावली

भोपाल। प्रदेश भर के शासकीय विभागों में कार्य दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन कर्मचारी तथा वन विभाग के वन सुरक्षा श्रमिकों को दीपावली के पूर्व वेतन एवं बोनस का भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारी एवं वन सुरक्षा श्रमिकों की दीपावली फीकी पड़ गई है। मप्र कर्मचारी मंच ने सरकार को मांग पत्र सौंप कर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, अंशकालीन कर्मचारी एवं वन सुरक्षा श्रमिकों का वेतन एवं बोनस दीपावली के पूर्व भुगतान करने की मांग की। मंच के प्रांताध्यक्ष अशो पांडे ने बताया कि अधिकारियों के नकारात्मक रवैया के कारण कर्मचारियों को वेतन और बोनस भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण कर्मचारियों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। मंच ने समस्त विभागीय अधिकारियों से कर्मचारियों का वेतन तत्काल भुगतान करने की मांग की है।

पदोन्नति से खाली हुए पदों पर मिलेगा आश्रितों को मौका

सीएम ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप मप्र में वर्षों से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को विशेष अभियान चलाकर निराकृत किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर प्रदेश के सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जीएडी ने आदेश में कहा कि प्रदेश में विभिन्न विभागों, संभाग स्तर एवं जिला स्तर के कार्यालयों में अनुकंपा नियुक्ति संबंधी अनेक प्रकरण पद उपलब्ध न होने से लंबित हैं। विगत कुछ दिवसों में विशेष अभियान संचालित कर वृहद स्तर पर पदोन्नतियां की जाने से अब प्रत्येक संवर्ग में पर्याप्त पद उपलब्ध हो गए होंगे। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए विशेष अभियान चलाकर विभाग के अंतर्गत लंबित समस्त अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

जेरोन खालसा में अध्यक्ष को वापस बुलाने के संबंध में परिणाम घोषित

भोपाल। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि नगर परिषद जेरोन खालसा के अध्यक्ष श्रीमति कुसुम मातादीन पस्तौर को वापस बुलाने के संबंध में 4 नवम्बर को हुए मतदान में कुल 4800 मत पड़े, जिनमें से 2167 मत पद पर पूर्ववत बने रहने के लिए पक्ष में तथा 2633 मत पद रिक्ति के लिए तथा निरंक मत अवैध पाए गए थे। नगर परिषद जेरोन खालसा जिला निवाड़ी में मतदान करने वाले मतदाताओं की कुल संख्या के आधे से अधिक मतदाताओं ने अध्यक्ष को पद रिक्ति के पक्ष में मतदान किया है, परिणामस्वरूप अध्यक्ष, पद मुक्त माना जाएगा।

5 आईपीएस अफसरों को सौंपी गई अतिरिक्त जिम्मेदारी

2017 बैच के आईपीएस मलय जैन बने बालाघाट के एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने पिछले कई दिनों से रिक्त बालाघाट के पुलिस अधीक्षक पद पर नई नियुक्ति कर दी है। पुलिस मुख्यालय में एआईजी के पद पर पदस्थ मलय जैन को बालाघाट का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही साथ उन्हें सेनानी हॉकफोर्स बालाघाट का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। मलय जैन 2017 बैच के आईपीएस हैं। गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार मलय जैन की पदस्थापना के साथ ही पांच आईपीएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसमें चंबल जोन के आईजी सचिन अतुलकर को आईजी विसबल ग्वालियर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसीतरह प्रदीप शर्मा को वर्तमान कार्यों के साथ ही सेनानी 32 वीं वाहिनी उज्जैन, वाहिनी सिंह को पुलिस अधीक्षण नारकोटिक्स मंदसौर, नागेंद्र सिं को पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

विमान से दिल्ली हुए रवाना, राहुल के आवास में कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

दिग्विजय की 'सनातन स्वाभिमान यात्रा' पर 5 दिन का ब्रेक, राहुल गांधी से करेंगे मुलाकात

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' पर पांच दिनों का अस्थायी विराम लग गया है। दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए यात्रा में शामिल सभी पदयात्रियों को 6 से 10 नवंबर तक का अवकाश दिया गया है, ताकि सभी अपने परिवारों के साथ दीपोत्सव मना सकें। यात्रा पर लगे इस ब्रेक के बीच दिग्विजय शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे, जहां वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। सिंह भोपाल से विमान द्वारा दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली में वे राहुल गांधी के आवास पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उनके साथ मौजूदा सियासी हालात, चुनावी रणनीति और संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

...यात्रा का समापन नहीं

सोशल मीडिया पर दिग्विजय ने देशवासियों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं और स्पष्ट किया कि यह केवल त्योहार का अवकाश है, यात्रा का समापन नहीं। पांच दिवसीय अवकाश समाप्त होने के बाद 11 नवंबर को यह पदयात्रा गुना के राघौगढ़ से पुनः प्रारंभ होगी। इसके बाद यात्रा श्रीरामराजा सरकार की पावन नगरी ओरछा धाम होते हुए प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या की ओर आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में धनतेरस पर पूजन-अर्चन, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री चंद्रशेखर एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गुरुवार को धनतेरस के पावन अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए धनतेरस एवं दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

'देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि आज हम सभी ने प्रदेश कार्यालय में धनतेरस का पूजन कर प्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है। हमारी प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करे। प्रदेश का प्रत्येक नागरिक सुखी, संपन्न और समृद्ध हो तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़े।



बीजेपी कार्यालय में तनतेरस की पूजा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हम गरीब के जीवन में सुख का सवेरा लाएं, यही कामना है : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपोत्सव के शुभारंभ और सुख समृद्धि की मंगल कामना के पावन पर्व धनतेरस पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन स्थित महर्षि सांदीपनि आश्रम के प्राचीन कुंडेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान भगवान कुबेर से सभी के जीवन में वैभव और आरोग्यता बनाए रखने की प्रार्थना की। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हम सब परमात्मा की कृपा और अपने सामर्थ्य व समृद्धि से गरीब से गरीब आदमी के जीवन में सुख का सवेरा लाएं, सभी के काम आएं और जियो और जीने दो के भाव को बढ़ाएं, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री ने मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी।

आधकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन होंगे आवेदन

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्यन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के तहत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातकोत्तर, शोध उपाधि तथा पोस्ट-पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करने के बाद ऑनलाइन आवेदन लॉक कर सकते हैं। प्रोफाइल पंजीयन के लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जाति, आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र का लिंक होना आवश्यक है। ऑनलाइन फार्म लॉक करने के 15 दिनों के भीतर आवेदन का प्रिंटआउट और सभी स्वप्रमाणित दस्तावेजों जिसमें प्रमुख रूप से अंकसूची, ऑफर लेटर, क्यूएस रैंकिंग प्रमाण की प्रतियां आयुक्त कार्यालय, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।

पेज एक का शेष

भीड़ प्रबंधन और यातायात ...

विशु राजा और उप जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार शर्मा संभालेंगे। वहीं, संपूर्ण यातायात व्यवस्था अपर जिलाधिकारी इंद्रकांत द्विवेदी के जिम्मे रहेगी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि दीपोत्सव में श्रद्धालुओं और विशिष्ट अतिथियों की सुविधा एवं सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है।

न तिजोरी, न बैंक...

सजावट के लिए धन मंदिर प्रबंधन नहीं जुटाता, बल्कि श्रद्धालु अपनी तिजोरियों का खजाना मां के चरणों में सौंपते हैं। इस बार करीब दो हजार भक्तों ने नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती वस्तुएं मंदिर में जमा कराई हैं। मंदिर के श्रृंगार में इस बार चांदी की कलाकृतियां भी विशेष आकर्षण हैं। गर्भगृह में ढाई-ढाई किलो वजन के पांच बड़े चांदी के हाथियों के साथ 52 छोटे हाथी सजाए गए हैं। इसके अलावा 45 चांदी के सिक्कों से तैयार विशेष साड़ी भी श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही है। मंदिर में मां महालक्ष्मी के साथ भगवान गणेश और माता सरस्वती विराजमान हैं। यहां मां के आठ स्वरूपों के दर्शन होते हैं। मंदिर की सजावट का काम शरद पूर्णिमा से शुरू हो जाता है।

नाम कटा तो वोट ...

खतरा बन सकती है। उनके मुताबिक, अगर सरकारी योजनाओं का लाभ मतदाता पहचान पत्र से जोड़ दिया गया तो मतदाता सूची में होने वाली गड़बड़ियों का सीधा असर लोगों के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों पर पड़ेगा।

तो,सरकार अपनी पसंद ...

यह केवल वोट चोरी का मामला नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की चोरी है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह गरीबों और जरूरतमंदों को बिना किसी भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे।

केंद्रीय मंत्री ने किया था ...

पत्र (ईपीआईसी) नंबर का इस्तेमाल करना होगा। मंत्री के मुताबिक, देश में आधार कार्ड बनाने के केंद्र बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं और अब इसे बनवाना भी आसान हो गया है। ऐसे में लाभार्थियों की पहचान सत्यापित करने के लिए केवल आधार कार्ड पर्याप्त माध्यम नहीं रह गया है।

प्रमुख योजनाएं, जिनमें ...

के लिए आधार आधारित डीबीटी।

5. **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना** (राशन): राशन वितरण में आधार आधारित ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक सत्यापन।

6. **प्रधानमंत्री आवास योजना**: लाभार्थियों के सत्यापन और किस्तों के भुगतान में आधार का उपयोग।

7. **छात्रवृत्ति योजनाएं**: छात्रवृत्ति राशि के सीधे खाते में हस्तांतरण में आधार का इस्तेमाल।

बोले- सफेद जर्सी से विदा ...

विकेट, संघर्ष, चोट और वापसी ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। उनके मुताबिक, टेस्ट क्रिकेट उनके लिए महज एक प्रारूप नहीं, बल्कि जिंदगी का बेहद खास हिस्सा रहा है।

उन्होंने लिखा कि आज भारी दिल और अनगिनत खूबसूरत यादों के साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं। शमी ने अपने इस सफर में साथ देने वाले सभी टीम साथियों, कोच, परिवार और करोड़ों भारतीय प्रशंसकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अच्छे और मुश्किल दोनों दौर में लोगों ने उनका साथ दिया और उन पर भरोसा बनाए रखा। 13 साल पहले इसी तारीख को उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने 64 टेस्ट में 229 लिए। हालांकि, शमी वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

पीसीएस अधिकारी ...

में आने और विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। अनुपमा सरोज का राजनीतिक और प्रशासनिक परिवार से गहरा नाता है। वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग भदौरिया की पत्नी और पूर्व सांसद सुशीला सरोज की बेटी हैं। उनकी मां सुशीला सरोज वर्ष 2004 में लखनऊ की मोहनलालगंज लोकसभा सीट से सांसद चुनी गई थीं। वह दो बार सांसद और एक बार विधायक रह चुकी हैं। मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। वहीं, उनके पति अनुराग भदौरिया भी लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। अनुपमा के पिता आरपी सरोज 1964 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन में एडीजी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी प्रशासनिक सेवाओं में रहे हैं। उनकी बड़ी बहन पीसीएस अधिकारी रह चुकी हैं, जबकि छोटी बहन वर्तमान में सीएमओ के पद पर तैनात हैं। उनके एक बहनोई डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि दूसरे बहनोई आईएफएस अधिकारी हैं। अनुपमा के इस फैसले को उनके राजनीतिक भविष्य से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, उनके चुनाव लड़ने को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

जियो और ...

में जियो, वनवेब और स्टारलिंक के पास सैटकॉम सेवाओं के लाइसेंस हैं। सरकार ने स्पष्ट किया कि लाइसेंस देने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रही है। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने सबसे आखिर में लाइसेंस हासिल किया।तीनों कंपनियों को अपनी तकनीकी क्षमता प्रदर्शित करने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे। इस प्रक्रिया में वनवेब ने सबसे पहले अनुपालन दस्तावेज जमा किए, इसके बाद जियो और फिर स्टारलिंक ने जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं। हालांकि, देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू होने से पहले दो प्रक्रियाएं बाकी हैं। पहली, सरकार को स्पेक्ट्रम आवंटन और उसकी कीमत तय करनी है। दूसरी, तीनों कंपनियों को सुरक्षा संबंधी सभी शर्तें पूरी करनी होंगी।

आगरा में धीरेंद्र ...

सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। परिवाद में जादौन, जडेजा और भाटी क्षत्रिय वंश का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। अजय प्रताप सिंह ने खुद को माता पक्ष से भगवान श्रीकृष्ण का वंशज बताते हुए कहा है कि कथावाचक की टिप्पणी से इन वंशों से जुड़े लोगों की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। इसी आधार पर उन्होंने आपराधिक मानहानि की कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता ने अपने परिवाद में ऐतिहासिक पुस्तकों और दस्तावेजों का भी हवाला दिया है। इनमें मथुरा गजेटियर और अलेक्जेंडर कनिंघम की पुस्तक 'रिपोर्ट ऑन ईस्टर्न राजपूताना 1882-83' शामिल हैं। उनका दावा है कि इन पुस्तकों में भी संबंधित क्षत्रिय वंशों का उल्लेख मिलता है। यह विवाद शिवपुरी जिले में आयोजित रामकथा के दौरान शास्त्री की टिप्पणी के बाद सामने आया था। मामले में अगली सुनवाई 14 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

बंदर से बैग छुड़ाने के ...

जानकारी के अनुसार, विजय गुरुवार शाम अपने पिता और बेटी सहित पर्यटक दल के साथ पचमढ़ी पहुंचे थे। सभी होटल मधु मिलन में ठहरे थे। शुक्रवार को दल प्रियदर्शनी प्वाइंट घूमने गया था। इसी दौरान एक बंदर विजय का बैग लेकर भाग गया। बैग वापस लेने के प्रयास में उनका पैर फिसल गया और वह गहरी खाई में जा गिरे। सूचना मिलते ही पचमढ़ी थाना प्रभारी गोपाल घोसले पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकालकर शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे ने पर्यटन स्थलों पर बंदरों के बढ़ते उत्पात और पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पर्यटकों के बैग और खाने-पीने की चीजें छीन लेते हैं। उनसे बचाव के लिए कई होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को लोहे की जालियां तक लगवानी पड़ी हैं।

बच्ची के भजन ने जीता दिल ...

उत्साह बढ़ाया। उन्होंने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स हैंडल पर भी साझा किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि भगवान राम के आगमन और सरयू नदी के कारण इस साल दीपावली का आध्यात्मिक महत्व और बढ़ गया है। इससे त्योहार का माहौल और अधिक पवित्र और दिव्य हो गया है। इस मुलाकात के दौरान सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 का गोल्ड मेडल पहनकर पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने उनके मेडल को हाथ में लेकर भारतीय टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। गौरतलब है कि सूर्यकुमार ने 2024 में खिलाड़ी के रूप में टी20 विश्व कप जीता था, जबकि 2026 में उनकी कप्तानी में भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी। वे 2022 और 2023 में आईसीसी टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुने गए थे।

पत्नी समेत सात लोगों की ...

नलिनी तथा शंकर के सात वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने पहले अपनी पत्नी की सिलबट्टे से हत्या की और शव को कपड़े में लपेटकर नंदी हिल्स के पास फेंक दिया। अगले दिन उसने दोनों सालों को पार्टी के बहाने घर बुलाया और उनकी हत्या कर दी। इसके बाद उनकी पत्नियों, सास और सात वर्षीय बच्चे को भी मार डाला। वारदात के बाद आरोपी ने घर में खून के निशान मिटाने के लिए रसायनों का इस्तेमाल किया।

लापता होने की शिकायत ...

सात वर्षीय बच्चे का शव मिला है। बाकी शवों की तलाश जारी है। सुनीता और इंदुशेखर की शादी करीब 20 साल पहले हुई थी। सुनीता के मायके वालों से लगातार संपर्क रखने को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था। इसी रंजिश में आरोपी ने पूरे परिवार को खत्म करने की योजना बनाई।

मासिक वेतन बढ़ाकर 18 ...

ने राज्य मंत्री कृष्णा गौर के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों के नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति और ठेका प्रथा समाप्त करने सहित चार प्रमुख मांगें रखी गईं। मुख्यमंत्री ने मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए इनके निराकरण के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। यूनियन के मुताबिक, कमेटी एक माह के भीतर मांगों पर प्रक्रिया शुरू करेगी।

दस साल की सेवा वालों ...

मासिक वेतन बढ़ाकर 18 से 19 हजार रुपए करने का आश्वासन दिया गया है। दिवंगत कर्मचारियों के पति या पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति देने और ठेका प्रथा समाप्त करने के लिए जीएडी को प्रस्ताव भेजने पर भी सहमति बनी है। इन आश्वासनों के बाद हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय- भोपाल सेन्ट्रल

कब्जा सूचना नियम 8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, संबंधित शाखा** के निर्मित प्रभार के अधीन होगा।

ऋणकर्ता/सहऋणी/जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

ऋणी का नाम	ऋणी की संपत्तियों का विवरण	मांग सूचना दिनांक कब्जा दिनांक मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आरकेएमपी स्टेशन रोड शाखा, प्लाट नं. 249, जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.)	
ऋणी-**श्री इंद्रजीत बाकलवार पुत्र श्री गोविंद प्रसाद बाकलवार**	संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी मकान, बंगलो नं. 49, टाइप ए, सागर ग्रीन हिल्स, ग्राम- दामखेड़ा, कोलार रोड, वार्ड क्रमांक 80, तहसील कोलार, जिला भोपाल, म.प्र. क्षेत्रफल 162.26 वर्गफिट या 1745.92 संपत्ति मालिकः डॉ. इंद्रजीत बाकलवार चतुर्सीमाएं: पूर्वः बंगला नंबर 50, उत्तरः सर्विस रोड, पश्चिम- बंगला नंबर 48, दक्षिणः खुला	10-08-2026 03-11-2026 ₹ 1,34,20,604.64 +ब्याज एवं अन्य खर्च

दिनांकः 03-11-2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री . लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 22 वर्ष 2026-27 — **निविदा सूचना** — भोपाल, दिनांक 04/11/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु राशि (रू. लाख में)
1	2	3	4	5
1	2026_PWDRB_547961_1	हैलीपेड ग्राउंड मार्ग का निर्माण लंबाई-0.70 कि.मी. (दूलेन), हबीबगंज से बरखेडा चर्ज मार्ग (फोरलेन / दूलेन) आर्मी डे परेड लंबाई 5.25 कि.मी. हेतु एवं सावंतिका पेट्रोल पंप से गोविन्दपुरा हार्ट बाजार मार्ग लंबाई-1.00 कि.मी. (दूलेन) मार्ग का निर्माण कार्य।	प्रथम	423.60
2	2026_PWDRB_547963_1	सावंतिका पेट्रोल पंप से हेमा स्कूल लंबाई 1.30 कि.मी., अन्ना नगर से डी.आर.एम. (कस्तूरबा हॉस्पिटल) मार्ग (फोरलेन / दूलेन) भोपाल में आर्मी डे परेड हेतु लंबाई-1. 80 कि.मी. में नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य एवं महात्मा गांधी चौराहे से रायसेन मार्ग (फोरलेन) में फर्निशिंग का कार्य आर्मी डे परेड लंबाई-2.00 कि.मी. हेतु।	प्रथम	408.51
3	2026_PWDRB_547964_1	सुभाष नगर विश्राम घाट ग्राउंड से रायसेन मार्ग लंबाई-1.50 कि.मी. एवं केरियर कॉलेज से आई.टी.आई. (फोरलेन) में नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य, आर्मी डे परेड लंबाई-2.40 कि.मी. हेतु।	प्रथम	323.33
4	2026_PWDRB_547965_1	गुरुद्वारा चौराहा से रायसेन मार्ग (फोरलेन) में नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य एवं पार्किंग का विकास कार्य आर्मी डे परेड लंबाई-3.20 कि.मी. हेतु हैलीपेड पहुंच मार्ग एवं पाथवे का निर्माण कार्य, दर्शकों हेतु आर्मी डे परेड ग्राउंड एरिया कालीबाडी भोपाल लंबाई 0.37 कि.मी. एवं जम्बूरी मैदान से पिपलानी बी-सेक्टर खजूरी मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. (दूलेन) का निर्माण कार्य।	प्रथम	487.95

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 13/11/2026 या जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग
क्रमांक 2, भोपाल

जी - 21185/26 — स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./लोककर्म/न.नि/2026/52 — सागर दिनांक 06/11/2026

:: ऑनलाईन निविदा सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की लागत राशि रू.एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई .एम.डी. राशि रू.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_547610_1 06.11.2026	शुक्रवारी वार्ड में नाली एवं सड़क निर्माण कार्य	1,55,057 01 माह	1,000=00 3,101=00	20.11.2026 शाम 05:30 तक
2	2026_UAD_547613_1 06.11.2026	लक्ष्मीपुरा वार्ड में नाली निर्माण कार्य	14,60,465 02 माह	2,000=00 10,953=00	05.12.2026 शाम 05:30 तक
2	2026_UAD_547614_1 06.11.2026	नरयावली नाका वार्ड मढ़िया नाका स्कूल परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	21,19,158 03 माह	5,000=00 15,894=00	05.12.2026 शाम 05:30 तक

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
सागर

संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश
पी-77 सुल्तानियां इंफेन्ट्री लाईन
भोपाल (दूरभाष - 0755-2926566)

संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा एनसीसी शिविरों हेतु लाईन ऐरिया/फ्लेग एरिया सर्विस के लिए जेम पोर्टल पर निविदा क्रमांक GEM/2026/B/8218840 आयोजित की गई है। पात्र संस्थायें जेम की शर्तों के अनुसार उक्त निविदा में सम्मिलित हो सकते हैं।

जी - 21198/26 — स्वच्छा ही सेवा है।

संयुक्त संचालक (राज्य)
संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर म.प्र

कार्यालय प्राचार्य सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल

निविदा का संक्षिप्त विज्ञापन

क्रमांक/स.व.प./भंडार/ 2026/2113 — भोपाल, दिनांकः 05/11/2026

सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से नॉन लीनियर एडिटिंग मशीन एवं आल इन वन पीसी क्रय हेतु निविदा जारी की गई है। जारी निविदा मे समिलित होने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रियानुसार निविदा मे भाग ले सकते है। जारी की गई निविदा :

GEM/2026/B/8232579

निविदा मे कोई भी संशोधन (यदि किया जाता है तब) जेम पोर्टल मे ही अपलोड किया जावेगा। उसका प्रकाशन पृथक से नही कराया जाएगा।

जी - 21186/26 — स्वच्छा ही सेवा है। — प्राचार्य

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्पले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।


18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs.40 sq.cm

हरिभूमि भोपाल बाजार
समाचार ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईटः-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करीद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल Veronika Khushi Heights Main Road Abbas Nagar Bhopal

---

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6401



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6400 का हल

■	स	ह	का	रि	ता	■	अ	चा	न	क
हा	र	■	य	■	ना	वि	क	■	त	र
थ	■	त	र	जु	मा	■	ल	ता	■	दा
मा	कू	ल	■	■	र	थ	■	क	वि	ता
र	■	घ	■	फ	ना	■	खा	■	र	■
ना	म	र	ख	ना	■	रा	ज	म	ह	ल
■	थ	■	त	■	मो	ह	■	ह	■	प
क	ना	त	■	रा	ह	■	■	क	पा	ल
र	■	ना	प	■	त	म	क	ना	■	पा
ता	ना	■	ली	ड	र	■	थ	■	का	ना
र	च	यि	ता	■	मा	ख	न	चो	र	■

सूडोकु नवताल - 6411 — कठिन

					1	4		
						5	8	
			7	2				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6						
		9	3					

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6410 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

खबर संक्षेप

एनएसई ने गोल्ड रिसीट्स को दिया बढ़ावा

नई दिल्ली। धनतेरस पर सोना खरीदने वालों के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेश का नया विकल्प पेश किया है। इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) के जरिए अब निवेशक बिना भौतिक सोना घर में रखे उसके मालिक बन सकते हैं। इसे शेयरों की तरह डीमैट खाते में रखा और खरीदा-बेचा जा सकता है। एनएसई ने मई 2026 में इस कारोबार मंच की शुरुआत की थी। इसमें 10 मिलीग्राम से एक किलोग्राम तक सोने में निवेश की सुविधा है। 995 और 999 शुद्धता वाले सोने के विकल्प उपलब्ध हैं।

एचडीएफसी ने चुने 10 प्रमुख शेयर

मुंबई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने अपना मनीफेस्ट 2026 – संवत 2083 दिवाली शेयर चयन पेश किया है। इसके तहत कंपनी ने सीमेंट, बिजली, ऊर्जा, रक्षा, ऑटोमोबाइल, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, कपड़ा, धातु, फार्मास्यूटिकल्स और बुनियादी ढांचा सहित प्रमुख क्षेत्रों के 10 शेयरों की पहचान की है। शोध के आधार पर तैयार इस सूची में सात बड़ी कंपनियों के शेयर और तीन मिड-कैप व स्मॉल-कैप श्रेणी के निवेश अवसर शामिल हैं।

गोकलदास की आय 1,135 करोड़ रुपए हुई

मुंबई। गोकलदास एक्सपोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए कुल 1,135 करोड़ रुपए की आय दर्ज की। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का परिचालन मुनाफा (ईबीआईटीडीए) भी 52 प्रतिशत बढ़कर 127 करोड़ रुपए पहुंच गया। कंपनी के मुताबिक भारत के कारोबार में मजबूत ऑर्डर और बेहतर कामकाजी प्रदर्शन के चलते 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उत्पादों के बेहतर मिश्रण और उत्पादन क्षमता में सुधार ने मुनाफे को मजबूती दी।

डाबर रेड पेस्ट से मौखिक स्वच्छता पर जोर

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में मिठाइयों का बार-बार सेवन दांतों में कैविटी और इनेमल कमजोर होने का खतरा बढ़ा सकता है। डेंटिस्ट डॉ. सोनिया दत्ता के अनुसार, मिठाई की मात्रा के साथ उसे खाने की आवृत्ति पर ध्यान देना भी जरूरी है। उन्होंने मिठाइयां भोजन के साथ खाने, पर्याप्त पानी पीने, कुल्ला करने और रात में ब्रश करने की सलाह दी। वहीं, डाबर रेड पेस्ट में मौजूद आयुर्वेदिक तत्व तोमर बीज और पुदीना सत्व रोजमर्रा की मौखिक देखभाल में मदद करते हैं। आईडीए की स्वीकृति प्राप्त यह पेस्ट पारंपरिक आयुर्वेद ,ओरल केयर का मेल प्रस्तुत करता है।

एजेस ने लांच किया वेल्थ इन्फिनिटी प्लान

मुंबई। एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने वेल्थ इन्फिनिटी प्लान लॉन्च किया है। यह यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस प्लान निवेश के जरिए लंबी अवधि में संपत्ति बनाने के साथ जीवन बीमा सुरक्षा भी प्रदान करता है। इसमें दो विकल्प दिए गए हैं। 'वेल्थ' विकल्प 10 से 40 साल की पॉलिसी अवधि के साथ वित्तीय लक्ष्य पूरे करने में मदद करेगा, जबकि 'लेगेसी' विकल्प 100 वर्ष की आयु तक लाइफ कवर उपलब्ध कराएगा। प्लान में पांच निवेश रणनीतियां और 12 फंड विकल्प हैं। ग्राहक अपनी जोखिम क्षमता के अनुसार निवेश चुन सकते हैं। इसमें छठे वर्ष से सिस्टमैटिक विड्रॉल और मैच्योरिटी पर पात्र चार्जेस की वापसी जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं।

शार्क टैंक इंडिया मेरा पसंदीदा शो : रोहित

मुंबई। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने खुलासा किया है कि 'शार्क टैंक इंडिया' उनके पसंदीदा शोज में से एक है। दिवाली स्पेशल शो 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' में उन्होंने कहा कि मैच के बाद होटल पहुंचकर वह इस शो को देखना पसंद करते हैं। उन्हें नए उद्यमियों की पिच और शार्क्स की मजेदार नोकझोंक काफी पसंद है। उन्होंने कहा कि मै अपना भी ब्रांड लेकर आऊंगा ।

करोंद अनाज मंडी में 5 दिन नहीं होगी कृषि उपज की खरीद-फरोख्त, दीपावली पर रहेगा अवकाश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दीपावली के पावन पर्व और दीपोत्सव के अवसर पर धनतेरस से राजधानी भोपाल की अनाज मंडी में कृषि उपज की खरीद-फरोख्त बंद हो गई। मंडी में निलामी कार्य और व्यवसायिक गतिविधियां 5 दिनों तक बंद रहेगी। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति त्योहार को देखते हुए मंडी में अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान किसानों और व्यापारियों के बीच कृषि उपज की नीलामी एवं व्यापारिक गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। संजीव जैन ने बताया कि मंडी में दीपावली के पारंपरिक आयोजन के तहत 11 नवंबर को कांटा पूजन , मुहूर्त सौदे और व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह होगा।

11 नवंबर को होगा कांटा पूजन, मुहूर्त सौदा और व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह



नए व्यापारिक सत्र में व्यापारी, आढ़तिया होंगे शामिल

इसके साथ ही नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत के प्रतीक स्वरूप मुहूर्त सौदा भी संपन्न होगा। इस अवसर पर मंडी व्यापारी, आढ़ती और अन्य संबंधित लोग शामिल होंगे। दीपावली के अवसर पर अनाज मंडी में परंपरागत रूप से व्यापारिक अवकाश रखा जाता है। इस बार भी चार दिनों तक कृषि उपज की खरीद-बिक्री बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इससे किसानों को अपनी उपज मंडी में लाने से पहले घोषित अवकाश की जानकारी रखना जरूरी होगा।

नए व्यापारिक वर्ष की होगी शुभ शुरुआत

एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार मंडी में 11 नवंबर को कांटा पूजन के साथ मुहूर्त सौदे की परंपरा निभाई जाएगी। इसे नए व्यापारिक वर्ष की शुभ शुरुआत के रूप में देखा जाता है। व्यापारी विधि-विधान से पूजन कर कारोबार की शुरुआत करेंगे। मंडी से जुड़े किसानों और व्यापारियों से अपील है कि वे अवकाश एवं मुहूर्त सौदे की तारीख को ध्यान में रखकर अपनी कृषि उपज के विक्रय और परिवहन की योजना बनाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

30वीं वर्षगांठ में मिली यह उपलब्धि

सोनालीका में बिक्री का नया रिकॉर्ड, बेचे 1.21 लाख ट्रैक्टर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की प्रमुख ट्रैक्टर निर्माता कंपनी सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल से अक्टूबर 2026 के दौरान 1,21,148 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने घरेलू बाजार में भी सबसे कम समय में एक लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया है। अपनी 30वीं वर्षगांठ के वर्ष में मिली यह उपलब्धि कंपनी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कंपनी के अनुसार, इस सफलता के पीछे उसकी मजबूत कारोबारी रणनीति, विश्वस्तरीय विनिर्माण क्षमता, आधुनिक तकनीक और किसानों की जरूरतों के अनुरूप ट्रैक्टरों का निर्माण प्रमुख कारण हैं। सोनालीका लगातार कृषि क्षेत्र की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्नत कृषि समाधान उपलब्ध करा रही है। कंपनी का दावा है कि उसने अपनी मजबूत बाजार रणनीति और बेहतर उत्पादों के दम पर लगातार उद्योग की विकास दर को पीछे छोड़ा है।

12 हजार दोपहिया और 4500 कारों ने पकड़ी रफ्तार

बाजारों में धनवर्षा, ऑटोमोबाइल से सराफा तक जमकर बरसा पैसा

सराफा बाजार में 80 किलो तक सोना और 800 किलो चांदी की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


धनतेरस और दीपावली ने राजधानी भोपाल के बाजारों में ऐसी रौनक बिखेरी कि ऑटोमोबाइल से लेकर सराफा कारोबार तक जमकर धनवर्षा हुई। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए उमड़े ग्राहकों ने कारोबारियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। ऑटोमोबाइल सेक्टर में वाहनों की बंपर बिक्री हुई, वहीं सराफा बाजार में सोने-चांदी की चमक ने कारोबार को नई ऊंचाई दी।



खरीदारी ने बाजार को नई ऊंचाई दी

राजधानी में धनतेरस और दीपावली के दौरान करीब 12 हजार दोपहिया और 4500 कारें शोरूम से निकलकर सड़कों पर उतरीं। वहीं सराफा बाजार में अनुमानित 80 से 100 किलो सोना और 800 से 1000 किलो चांदी की बिक्री हुई।

सड़कों पर उतरे 16,500 नए वाहन : पांडेय



मध्य प्रदेश वाहन विक्रेता संघ (फाडा) के प्रदेश अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि धनतेरस पर भोपाल के ऑटोमोबाइल सेक्टर में उम्मीद के अनुरूप कारोबार हुआ। राजधानी में करीब 12 हजार टू-व्हीलर्स और 4500 कारों की बिक्री हुई। दोपहिया से लेकर लग्जरी कारों तक की मांग ने बाजार में रौनक बनाए रखी।

टाटा के शोरूम से 650 से ज्यादा कारों की डिलीवरी: जौहरी



वरेण्यम मोटर्स के संचालक विशाल जौहरी ने बताया कि उनके पांच कार और तीन दोपहिया वाहनों के शोरूम हैं। धनतेरस पर सभी शोरूम में अच्छी बिक्री दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि कार शोरूम से टाटा की 650 से अधिक कारों की चाबियां ग्राहकों को सौंपी गईं, जबकि दोपहिया वाहनों के शोरूम से 300 से अधिक वाहनों की बिक्री हुई।

मारुति के नेक्सा और एरीना शोरूम में 300 कारों की बिक्री : सुनील



आरएमजे मोटर्स/राजरूप मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन के अनुसार धनतेरस ऑटोमोबाइल कारोबार के लिए खुशहाली लेकर आया। उनके नेक्सा और एरीना शोरूम से करीब 300 कारों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में मारुति की हिस्सेदारी करीब 45 प्रतिशत है।

सोने की चमक और चांदी की खनक से बाजार गुलजार: नवनीत



सराफा व्यापारी और बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने बताया कि राजधानी में धनतेरस पर ग्राहकों ने सोना-चांदी के घटे भाव पर सोने-चांदी की खरीदारी से दुकानों में दिनभर ग्राहकों की चहल-पहल बनी रही। एक अनुमान के मुताबिक राजधानी भोपाल में धनतेरस पर करीब 80 किलो सोना और 800 किलो चांदी की बिक्री हुई।

500 से अधिक परिवारों के शामिल होने की उम्मीद

होंडा के निदेशक ने बीजीएस होंडा के धनतेरस महोत्सव में ग्राहक को सौंपी नई गाड़ी की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



धनतेरस के अवसर पर बीजीएस होंडा की ओर से हिंदी भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा में धनतेरस मेगा डिलीवरी महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें होंडा के निदेशक मुत्सुओ उसुई विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने आयोजन स्थल का दौरा कर ग्राहकों के स्वागत से लेकर वाहन की तैयारी, दस्तावेजीकरण और डिलीवरी तक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उसुई ने स्वयं एक ग्राहक को नई होंडा दोपहिया वाहन की चाबी सौंपकर डिलीवरी दी। उनके हाथों वाहन की चाबी पाकर ग्राहक के लिए यह पल यादगार बन गया। उन्होंने बीजीएस होंडा की टीम के प्रयासों की भी जानकारी ली। महोत्सव में ग्राहकों के लिए विशेष 'सोना-चांदी ऑफर' पेश किया गया। इसके तहत होंडा का दोपहिया वाहन खरीदने पर 99.99 प्रतिशत शुद्धता वाला 20 ग्राम चांदी का सिक्का दिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में 500 से अधिक परिवारों के शामिल होने की उम्मीद है। ग्राहकों और उनके परिवारों के मनोरंजन के लिए ढोल-नगाड़े, खानपान, पारिवारिक गतिविधियां और मूवी जोन जैसी व्यवस्थाएं भी की गईं। बीजीएस होंडा का यह आयोजन ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने और उनके साथ कंपनी के भरोसेमंद रिश्तों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया।

मानसरोवर कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी, विद्यार्थियों ने ली मेडिकल शपथ

भोपाल। मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल, सीहोर में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने मेडिकल शपथ ग्रहण कर चिकित्सा पेशे के प्रति सेवा, समर्पण और नैतिक जिम्मेदारियों का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीहोर विधायक सुदेश राय, विशेष अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति इंजीनियर गौरव तिवारी, कुलगुरु डॉ. एएस यादव और मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद अठावले ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि व्हाइट कोट सेरेमनी विद्यार्थियों के चिकित्सा जीवन की महत्वपूर्ण शुरुआत है। प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल के साथ मानवीय संवेदनाएं, समर्पण और सेवा भाव भी बेहद जरूरी हैं। इससे पहले डीन डॉ. अरविंद अठावले ने स्वागत उद्बोधन दिया। समारोह में डॉ. अठावले ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मेडिकल ओथ दिलाई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शील्ड और स्मृति चिन्ह प्रदान किए।



ईयू से समझौते और औद्योगिक सहयोग पर हुई चर्चा

आईटीएल के एमडी डॉ. दीपक मित्तल को प्रधानमंत्री मोदी के विशेष भोज का न्योता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) के प्रबंध निदेशक डॉ. दीपक मित्तल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से विशेष आधिकारिक भोज का निमंत्रण मिला। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के युवराज एचएसएच हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित इस भोज में उन्हें आमंत्रित किया गया। यह भारतीय ट्रैक्टर उद्योग की बढ़ती वैश्विक पहचान और आईटीएल की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दर्शाता है। इस उच्चस्तरीय आयोजन में भारत और यूरोपीय देशों के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

150 से अधिक देशों में आईटीएल की मौजूदगी

वर्ष 1996 में पंजाब के होशियारपुर से शुरू हुई आईटीएल की यात्रा तीन दशक में वैश्विक पहचान बन चुकी है। कंपनी आज 150 से अधिक देशों में कारोबार कर रही है और दुनिया के पांच सबसे बड़े ट्रैक्टर ब्रांडों में शामिल है। कंपनी लगातार आठ वर्षों से भारत का नंबर एक ट्रैक्टर निर्यात ब्रांड बनी हुई है। डॉ. मित्तल ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए इस निमंत्रण को गर्व और सम्मान का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि भारत से निर्यात होने वाले हर तीन ट्रैक्टरों में से एक ट्रैक्टर सोनालीका या सोलिस ब्रांड का है। उनके अनुसार आईटीएल भारतीय ट्रैक्टर उद्योग की वैश्विक विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

देशभर की 184 मिलों में शुरू हुई पेराई

चीनी उत्पादन में 4 गुना उछाल 12.85 लाख टन पहुंचा उत्पादन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश में चीनी का नया सीजन तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है। पिछले साल के मुकाबले इस बार पेराई जल्दी शुरू होने और अधिक मिलों के चालू होने से शुरुआती उत्पादन में करीब चार गुना उछाल दर्ज किया गया है। इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक, 5 नवंबर 2026 तक देश की 184 चीनी मिलों में पेराई शुरू हो चुकी है और कुल उत्पादन 12.85 लाख टन पर पहुंच गया है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 154 मिलों के संचालन के बावजूद केवल 3.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। हालांकि, उत्पादन में यह तेजी शुरुआती पेराई के आंकड़ों पर आधारित है और आने वाले महीनों में वास्तविक स्थिति का आकलन होगा। चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र सबसे आगे चल रहा है। राज्य की 136 मिलों में पेराई शुरू हो चुकी है और 5 नवंबर तक यहां 10.78 लाख टन चीनी का उत्पादन दर्ज किया गया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन सं. R&P/323/2026 दिनांक: 19.10.2026

दिल्ली विश्वविद्यालय में वरिष्ठ सहायक एवं सहायक के पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09.11.2026 अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर, इनमें से जो भी बाद में हो, निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएँ तथा "Work with DU" शीर्षक के अंतर्गत "Advertisement - Departments" पर क्लिक करें।

किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र को केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

CBC 21231/11/0018/2627 कुलसचिव

इन ऑफर्स में मिलेगी कई छूट

पीएनबी ने दिया ग्राहकों उत्सव का तोहफा.... क्रेडिट कार्ड पर ऑफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक ने त्योहारी सीजन में ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए नवंबर 2026 के लिए अपने रिटेल क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत खरीदारी, यात्रा, मनोरंजन, खानपान और डिजिटल भुगतान पर आकर्षक छूट, तत्काल बचत और कैशबैक का लाभ मिलेगा। बैंक के अनुसार, ग्राहक अमेजन, फ्लिपकार्ट, रिलायंस डिजिटल, जियो, वीवो, मेकमायट्रिप, गोआइबीबो, ईजमायट्रिप, क्लियरट्रिप, पेटीएम, फर्स्टक्राई और पीवीआर जैसे प्रमुख ब्रांडों पर विशेष लाभ उठा सकेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल खरीदारी पर रिलायंस डिजिटल, माय जियो और जियोमार्ट सिग्नेचर स्टोर्स में 10 प्रतिशत तक की तत्काल छूट मिलेगी। वहीं, वीवो स्टोर्स पर 12 प्रतिशत तक की छूट के साथ चुनिंदा अवधि के लिए ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध होगी । त्योहारी खरीदारी के लिए अमेजन पर 15 से 25 नवंबर और फ्लिपकार्ट पर 14 से 20 नवंबर तक 7 प्रतिशत तक की तत्काल छूट दी जाएगी।

अमेजन इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम से जुड़े 2 लाख क्रिएटर्स

बेंगलुरु। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम से जुड़ने वाले क्रिएटर्स की संख्या 2 लाख के पार पहुंच गई है। पिछले एक साल में इसमें दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी क्रिएटर्स को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कमाई और कारोबार बढ़ाने के नए अवसर उपलब्ध करा रही है।

प्रोग्राम के तहत क्रिएटर्स यूट्यूब और पिंटरेस्ट पर अपने कंटेंट में अमेज़न के उत्पादों को टैग कर सकते हैं और पात्र खरीदारी पर कमीशन कमा सकते हैं। कंपनी के अनुसार, इस साल क्रिएटर्स ने करीब 4 करोड़ ग्राहकों को अमेजन इन पर खरीदारी करने में मदद की है।

पूर्व मध्य रेल
ई. निविदा सूचना
ई–निविदा नोटिस सं०–04 ऑफ 2026–27/ खुला/ गति शक्ति इकाई, डीडीयू

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ आरएसपी/ महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सक्षम ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०–04–डीडीयू– उप मुख्य परियोजना प्रबंधक– गति शक्ति इकाई – 26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन : पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत रफीगंज स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना (ABSS) के तहत यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं सुधार से संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का शेष कार्य। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 45876274.51, **धरोहर राशि :** ₹ 917500.00, **ई–निविदा हेतु बोली की तिथि एवं समय:** 27.11.2026 को 15:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी, महेन्द्रू घाट, पटना

पीआर/1281/डी०डी०यू०–जी०एस०/सीओएनएसटी/दै/26–27/36

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया जिला नर्मदापुरम

प्ररूप-ख
(मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) नियम, 2013 के नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

रा.प्र.क्र./0017/अ-82/2025-26 नर्मदापुरम, दिनांक

अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से स्वचालित स्प्रिंकलर/ड्रिप प्रणाली से सिंचाई बावत पानी परिवहन हेतु ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07 तहसील वनखेडी जिला नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (कमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
1	2	3	4	5
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	9/2	0.002
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	9/7	0.04
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	9/8	0.026
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	11/1	0.014
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	11/3	0.014
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	13	0.032
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	14	0.006
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	15	0.020
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	16	0.004
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	17	0.006
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	20	0.012
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	80	0.002
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	81/1/1	0.002
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम करपा-01 प.ह.नं. 07	81/2	0.020
			14	0.200

(आकिप खान)
सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

जी-21150/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

पर्यावरण के प्रति निभानी होगी जिम्मेदारी भी

हवा में घुलता जहर अब किसी एक शहर, राज्य या वर्ग की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरा देश त्रस्त है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब के कई शहर तो गैस के चैंबर बन चुके हैं। यहां लोगों का सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर भयावह स्थिति में पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है कि सरकार और अदालतें जितने अधिक आदेश और पाबंदियां लगाएंगी, उनके उल्लंघन की आशंका भी उतनी ही बढ़ेगी। सवाल वाजिब है कि क्या केवल सख्त नियम बनाकर स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है? निश्चित रूप से नहीं। इसके लिए सरकारी इच्छाशक्ति के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी हम साफ हवा में सांस ले पाएंगे। प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 तक पहुंच गया, जबकि कई निगरानी केंद्रों पर यह 400 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान में भी यह 400 के करीब रहा। इन आंकड़ों के बीच यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद यदि हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा तो व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया है। पांच नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी महज 14 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि शेष प्रदूषण के लिए वाहन, उद्योग, निर्माण गतिविधियां, सड़क की धूल, ऊर्जा उत्पादन और कचरा जलाने जैसे स्रोत भी जिम्मेदार हैं। महंगी और बड़ी गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या निर्माण स्थलों पर उड़ती धूल, इन पर प्रभावी नियंत्रण के बिना प्रदूषण से लड़ाई अधूरी रहेगी। अदालत की यह चिंता भी गंभीर है कि प्रदूषण का सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिनके पास महंगे एयर प्यूरीफायर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। असल जरूरत प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय सालभर की प्राथमिकता बनाने की है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों के उत्सर्जन की नियमित निगरानी, निर्माण स्थलों को ढकना, सड़कों की नियमित सफाई और कचरा जलाने पर प्रभावी रोक जैसे उपाय निरंतर लागू करने होंगे। साथ ही नागरिकों को भी निजी वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल छोड़ने, कचरा नहीं जलाने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की जरूरत है। अदालतें दिशा दे सकती हैं, सरकारें नियम बना सकती हैं और प्रशासन कार्रवाई कर सकता है, लेकिन स्वच्छ हवा का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा। पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग या अदालत का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आखिर सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा किसी की सुविधा नहीं, हर नागरिक का अधिकार है। इसे बचाने के लिए जिम्मेदारी भी सबको निभानी होगी।



मुद्दा

ज्ञानेन्द्र रावत

भीषण प्रदूषण की मार से कराहते लोग

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। जहां तक मुझे याद आता है आज से तकरीब चौदह-पंद्रह साल पहले की बात है, एक अमेरिकी पत्रकार ने अपने विदाई संदेश में लिखा था कि - 'वह दिल्ली इसलिए छोड़कर जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास में प्रदूषण जांचने वाली मशीन बता रही है कि यहां उसके बच्चे की सेहत को खतरा है।' उस वक्त यह कहा गया था कि अमेरिकी दूतावास समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। कुछ समय बाद जब दिल्ली में सरकारी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए गए, तब उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि समस्या वाकई गंभीर है। उस समय कहा गया था कि यहां की आबोहवा में हद से भी अधिक पीएम 2.5 की मौजूदगी से न सिर्फ बच्चे समय पूर्व अस्थमा के शिकार हो सकते हैं, बल्कि गर्भवती महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे सकती हैं,जो तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कम वजन के शिकार होंगे।

पीएम 2.5 के ऐसे सूक्ष्म कण तो बुजुर्गों के लिए बेहद घातक हो सकते हैं। असलियत में तकरीबन 14-15 साल बाद आज देश की राजधानी के हालात वास्तव में न सिर्फ उससे भी ज्यादा खराब हैं बल्कि बेहद भयावह हैं। हालात की गंभीरता का सबूत यह है कि पिछले कुछ सालों से डॉक्टर दिल्ली के लोगों को सर्दियों के इन महीनों में बाहर पहाड़ी इलाकों में जाने की सलाह देते हैं ताकि यहां की जहरीली हवा से उनकी जान बच सके। आने वाले दिनों में हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार हैं। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता। सीपीसीबी इसकी पुष्टि करता है। जबकि केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम, एनसीएपी लागू किया था जिसमें अभी तक मामूली सफलता ही हाथ लगी है। राज्य और नगर निगम एनसीएपी के तहत मिले फंड का 70 फीसदी हिस्सा ही खर्च कर पाये हैं। उसमें भी सरकार ने बजटीय आवंटन का अधिकांश हिस्सा स्थायी सुधारों जैसे सार्वजनिक परिवहन के बजाय केवल सड़कों पर पानी छिड़कने व मैकेनाइज्ड स्वीपिंग जैसी तात्कालिक गतिविधियों पर ही खर्च किया है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदूषण पर वार के लिए 'वार रूम' तैयार है जिसके तहत प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाएगी और प्रदूषण की रियल टाइम मॉनीटरिंग और उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि हकीकत में अभी तक कहीं-कहीं न तो वायु गुणवत्ता मापक यंत्र ही लग पाये हैं और न ही वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ही लगे हैं। उस स्थिति में जबकि सर्दियां आते ही उत्तर भारत में हवा खराब होने लगती हैं। गिरता तापमान और रुकी हुई हवायें जहरीले धुंए को जमीन के पास रोक लेती हैं जिससे दिल्ली और आसपास के मैदानी इलाकों में एक दम घोंटने वाली धुंध छा जाती है। इससे लोग परेशान होते हैं और उनके लिए सांस लेना भी दूभर हो जाता है। फिर इसमें बीते 25 सालों में दिल्ली में हुए बेतरतीब विकास ने पारिस्थितिकी को बड़ी क्षति पहुंचायी है, जिसकी कीमत प्रदूषण के रूप में जनता को चुकानी पड़ रही है। नतीजतन प्रदूषण से दिल्ली हांफ रही है। हकीकत में देश की राजधानी दिल्ली



का बेतरतीब फैल रहे भारत के शहरों में पांचवां स्थान है जिसका अहम कारण कमजोर योजना, बिखरा प्रशासन, असमान सेवाओं के चलते उत्पादकता और जीवन गुणवत्ता का बुरी तरह प्रभावित होना है। यहां पिछले 15 सालों में आबादी 37.5 फीसदी की दर से बढ़कर 2.30 करोड़ के पास पहुंच गई है लेकिन आबादी के हिसाब से यहां सुविधायें आज भी अधूरी हैं। आंकड़े इसके जीते-जागते सबूत हैं। शोधों के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है, नतीजतन कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे उनका कद भी घट रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। यही नहीं, वायु प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों, उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, सीखने की क्षमता और एकाग्रता पर भी असर डाल रहा है। बिगड़ती हवा से बच्चों में सांस की बीमारी 10 साल पहले की तुलना में 47 फीसदी बढ़ गयी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 कम उम्र में ही आंखों में मोतियाबिन्द और ग्लूकोमा यानी काला मोतिया का कारण बन रहा है। सबसे दुखदायी तो यह है कि वायु प्रदूषण के संपर्क से आत्महत्या या आत्मघाती विचारों का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से इंसानी फेफड़े बेदम हो रहे हैं। यह हमारे दिमाग की धार को कुंद कर रहा है। जहां तक दिल्ली वालों का सवाल है, उनके तो फेफड़े काले हो रहे हैं। और तो और यह रक्त वाहिकाओं पर भी असर डाल रहा है। यह दिल के मर्ज को जानलेवा बना रहा है। यह दिल के लिए मधुमेह और कोलेस्ट्राल से भी घातक साबित हो रहा है। अब इसका असर हृदय, फेफडों, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र, मस्तिष्क से जुड़े रोगों को ही प्रभावित नहीं कर रहा, हड्डियों, श्वसन व प्रजनन तंत्र से भी काफी आगे बढ़ गया है। यह शरीर के हरेक अंग को प्रभावित कर रहा है। यह कैंसर और मैटाबोलिक विकार को भी पार कर गया है। इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। यही नहीं, उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्व बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर भी बुरा असर डाल रहे हैं। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। वायु प्रदूषण अब कम उम्र में आंखों की रोशनी छीन रहा है। यातायात सम्बंधी प्रदूषण इन समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाह रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीएम कण इतने सूक्ष्म हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क में पहुंच कर दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा कर रहे हैं। सबसे दुखदायी स्थिति यह है कि 15 साल से कम उम्र के 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। हकीकत है कि वायु प्रदूषण से हर साल तकरीबन बीस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। भारत में सभी श्वसन संबंधी मौतों में से एक तिहाई से अधिक वायु गुणवत्ता से जुड़ी हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएं एयरोसोल से जुड़ी होती हैं जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

अरविंद जयतिलक



कैंसर से बचाव के लिए जागरुकता की जरूरत

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। 29 अप्रैल, 2026 को जारी राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यालय (एनसीआरपी) की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2 लाख, 31 हजार 671 नए कैंसर मामलों का अनुमान लगाया गया है, जो कि देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। 2030 तक यह आंकड़ा 2 लाख, 54 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह आंध्रप्रदेश में 65000, असम में 51734, तेलंगाना में 46762 कैंसर के नए मामले सामने आए हैं। देश के अन्य राज्यों की भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को अपनी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में कैंसर के 15.6 लाख नए मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में 2024 के दौरान कैंसर से 9,01,828 मौतें हुई, जबकि करीब 33.2 लाख लोग निदान के बाद जीवन जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर बात करें तो वर्ष 2024 में विश्व भर में कैंसर के लगभग 2.06 करोड़ नए मामले सामने आए हैं और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अगर इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं लगा तो वर्ष 2050 तक कैंसर के नए मामलों की संख्या 3.5 करोड़ वार्षिक तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कभी न कभी कैंसर होने की आशंका है। इसके अलावा परिवार के किसी सदस्य के निदान को शामिल करें तो लगभग 92 फीसद लोग किसी न किसी रूप में इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। अच्छी बात यह है कि 2010 से वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग में 27 फीसद की गिरावट आई है जिससे फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कुछ कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरूकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। भारत की बात करें तो तकरीबन 15 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते हैं। एक रिपोर्ट सें उद्घाटित हो चुका है कि हर आठ मिनट में ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन दो हजार से अधिक लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 19 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष तकरीबन 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसदी बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किए जाने के बाद कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रूप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरूक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया जा चुका है कि वर्ष 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उसके मुताबिक कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल, विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं।विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक 'यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर 'एचपीवी टीका' को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए और जागरूकता प्रसारित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित

दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

एक सत्संग ऐसी भी



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबूझ कर बेहोश हो गया, मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

सटाका



आज की पाती

अपनों के साथ मनाएं दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहां हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, सभी पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है।

- ऋषि सिंघल, रेवाड़ी

ट्रेंड

वोटर आईडी से पात्रता



मोदी सरकार के एक मंत्री ने घोषणा की है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्रता अब आधार से नहीं, बल्कि वोटर आईडी से तय होगी। यह खतरनाक साजिश है। एसआईआर के नाम पर वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इसे नहीं रोका गया तो और भी नाम हटा दिए जाएंगे। - **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

बैडमिंटन में सिल्वर मेडल



सिर्फ 15 साल की उम्र में, तन्वी पत्री ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया है। यूथ ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई। हम उनके लिए और भी कई उपलब्धियों की कामना करते हैं।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

यूजीसी नियम



यूजीसी नियमों के संबंध में केंद्र सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा सुझाव अत्यंत स्वागत योग्य है। हमें पूरा विश्वास है कि इस समीक्षा से एक ऐसा संतुलित निर्णय निकलेगा जो सभी के हितों की रक्षा करेगा।

- **रवि शंकर प्रसाद,** सांसद, भाजपा

खेल सामान का निर्माण



खेल के सामान के निर्माण के लिए 1,856 करोड़ रुपये की पहल का स्वागत है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम निर्माण क्षमता (मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी) विकसित कर रहे हैं या वास्तव में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता ?

- **अभिनव ए. बिंद्रा,** ओलंपियन

करंट अफेयर


अमेरिकी राज्यों के गवर्नरों ने दिवाली समारोह किए आयोजित



अमेरिका के पांच प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के गवर्नरों और 20 से अधिक मेयरों ने पहली बार राज्य की राजधानियों और सिटी हॉल में दिवाली उत्सव की मेजबानी की है, जहां नेताओं ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता और योगदान की सराहना की। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिवाली समारोह मध्य अक्टूबर में शुरू हुए थे और 10 नवंबर तक जारी रहेंगे, जब ओरेगन के गवर्नर सलेम में अंतिम समारोह की मेजबानी करने वाले हैं। इन समारोहों में अमेरिकी सीनेटरों, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों, स्थानीय मेयरों और बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं ने भाग लिया। इस क्षेत्र के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने अपने-अपने राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भूमिका और योगदान की सराहना की और सांस्कृतिक विविधता के महत्व पर जोर दिया। पिछले महीने इडाहो स्टेट कैपिटल में समारोह को संबोधित करते हुए, गवर्नर ब्रैड लिटिल ने कहा कि इडाहो राज्य को एक ' 'जीवंत भारतीय समुदाय पर गर्व है जो अपने कारोबारों, व्यवसायों, सेवा और नागरिक भागीदारी के माध्यम से हमारे राज्य में बहुत योगदान देता है।

ऑफ बीट

बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव



बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी : बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं। बलीन व्हेल एक अजीब अपवाद हैं। जबकि उनके पूर्वजों के दांत थे, आज की बलीन व्हेल के पास बलीन है, जो महीन, बाल जैसे केराटिन का एक बड़ा रैक होता है जिसका उपयोग पानी से छोटे क्रिल को छानने के लिए किया जाता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

किसी ने मेहनत से रचा सफलता का इतिहास, तो किसी ने मां के संघर्ष से पाई मंजिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से शुक्रवार शाम सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में भोपाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का मान बढ़ाया। हर्ष लालवानी ने 87.25% के साथ ऑल इंडिया रैंक 11 हासिल की तो वहीं पारस खड़क्कर ने 83.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।



सीए फाउंडेशन में भोपाल के युवाओं ने बढ़ाया शहर का मान, हर्ष ने हासिल की ऑल इंडिया 11वीं रैंक

टीचर को देखकर लिया सीए बनने का फैसला रोजाना 8-10 घंटे की पढ़ाई से मिली सफलता

ऑल इंडिया रैंक 11 हासिल करने वाले हर्ष लालवानी कहते हैं कि मेरे अकाउंट्स के टीचर सीए थे, उन्हीं को देखकर मेरे मन में सीए बनने का विचार आया और सीए को ही मैंने अपना लक्ष्य बना लिया। हर्ष बताते हैं कि मैंने सीए की तैयारी अप्रैल 2026 से शुरू की, इस दौरान मैं रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई करता हालांकि लगातार पढ़ाई के बीच कई बार थकान भी महसूस होती थी, लेकिन मैंने खुद को तरोताजा रखने के लिए जिम ज्वाइन की और करीब एक से डेढ़ घंटे के वर्कआउट के बाद काफी रिलेक्स फील करता।सेंट पॉल स्कूल से 12वीं की पढ़ाई पूरी करने वाले हर्ष का कहना है कि इस सफलता में नियमित मेहनत, परिवार का सहयोग और पढ़ाई के साथ खुद को फिट रखने की आदत की अहम भूमिका रही।

पिता को खोने के बाद भी नहीं टूटा हौसला मां के संघर्ष ने दी आगे बढ़ने की प्रेरणा

सीए फाउंडेशन में 83.75 प्रतिशत लाने वाले पारस खड़क्कर की सफलता की कहानी भी संघर्ष और संकल्प की मिसाल है। पारस बताते हैं कि सीए बनने की प्रेरणा मुझे मेरी बड़ी बहन से मिली, जो स्वयं सीए की पढ़ाई कर रही हैं। 12वीं कक्षा में कॉमर्स स्ट्रीम के टॉपर 98.4 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले पारस ने कहा करीब दो साल पहले मैंने अपने पिता को खो दिया। यह हमारे परिवार के लिए बेहद कठिन समय था, लेकिन मैंने खुद को संभाला और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने इस मुश्किल दौर में मेरे परिवार को संभाला, वह मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। आज मेरी इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान मेरी मां का है।



दीपावली की भागदौड़ और थकान के बाद त्वचा को मिलेगा हाइड्रेशन और ग्लो, राजधानी के पार्लरों में बढ़ी बुकिंग

रूप चौदस पर चेहरे की रौनक लौटाने का ट्रेंड, हाइड्रा फेशियल के साथ हेयर बोटोक्स ट्रीटमेंट बना पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली की तैयारियों में घर को सजाने-संवारने से लेकर पकवान बनाने और मेहमानों की आवभगत तक महिलाओं की पूरी दिनचर्या व्यस्त रहती है। त्योहार की इस भागदौड़ के बीच खुद के लिए वक्त निकालना अक्सर पीछे छूट जाता है। लेकिन रूप चौदस ऐसा खास अवसर है, जब महिलाएं घर की सजावट के बाद अपनी खूबसूरती और निखार पर भी ध्यान देती हैं। चेहरे की थकान दूर कर चमकदार त्वचा पाने के लिए महिलाएं पार्लर का रुख करती हैं। राजधानी के ब्यूटी पार्लरों में रूप चौदस को लेकर विशेष तैयारियां हैं और पहले से ही अपॉइंटमेंट की बुकिंग बढ़ गई है। हरिभूमि ने जब राजधानी के पार्लर संचालिकाओं से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि रूप चौदस पर महिलाएं केवल मैनिक्योर, पेडिक्योर या फेशियल तक ही सीमित नहीं होतीं, बल्कि बालों का भी ट्रीटमेंट किया जाता है, ताकि डस्ट और धूप से डेमेज बाल ठीक हो जाएं।



कोरियन ग्लास स्किन और हाइड्रा फेशियल की डिमांड ज्यादा

आकृति इको सिटी स्थित ग्लो पार्लर की ऑनर सरोज यादव ने कहा कि इन दिनों फेशियल की कई वैराइटीज ट्रेंडिंग हैं, जिसमें विटामिन-सी फेशियल, गोल्ड फेशियल, डायमंड फेशियल के अलावा इन दिनों कोरियन ग्लास स्किन फेशियल और हाइड्रा फेशियल की डिमांड ज्यादा है।



सीरम व हाइड्रेटिंग सॉल्यूशन से चेहरा बनता है साफ, मुलायम और चमकदार

उन्होंने कहा कि हाइड्रा फेशियल एक्सफोलिएशन और हाइड्रेशन पर आधारित एक आधुनिक स्किन ट्रीटमेंट है। त्वचा की गहराई से सफाई करने के लिए इसमें विशेष मशीन से त्वचा पर जमी गंदगी, अतिरिक्त ऑयल और डेड स्किन सेल्स को हटाया जाता है। इस प्रक्रिया में त्वचा को जरूरत के अनुसार सीरम और हाइड्रेटिंग सॉल्यूशन दिए जाते हैं, जिससे चेहरा साफ, मुलायम और फ्रेश नजर आता है। जिसकी कीमत 3,500-7,500 रुपए तक है।

लेयरिंग तकनीक से लगाया जाता है हाइड्रेटिंग उत्पाद और सीरम

वहीं, कोरियन ग्लास स्किन फेशियल में लेयरिंग तकनीक से हाइड्रेटिंग उत्पाद और सीरम लगाए जाते हैं, जिससे त्वचा में ग्लास जैसी चमक नजर आती है। और इसकी कीमत 2,500-6,000 (अनुमानित) तक है।


बालों की डीप कंडीशनिंग के साथ करता है हेयर रिपेयर ट्रीटमेंट भी

वहीं ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन की हेड सरिता श्रीवास्तव ने कहा कि रूप चौदस पर चेहरे के साथ बालों की खूबसूरती निखारने पर भी जोर दिया जाता है, इसके लिए हेयर बोटोक्स ट्रीटमेंट महिलाओं को ज्यादा पसंद है, यह एक डीप कंडीशनिंग और हेयर रिपेयर ट्रीटमेंट है, जो रूखे, बेजान, उलझे और फ्रिजी बालों को मुलायम, चमकदार और स्मूथ बनाने में मदद करता है। इसमें बालों को पोषण देने वाले प्रोटीन, अमीनो एसिड और कंडीशनिंग तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। इससे बालों की बाहरी परत को बेहतर बनाने और उनमें नमी बनाए रखने में मदद मिलती है। इस ट्रीटमेंट के बाद बाल अधिक सुलझे हुए, घने और व्यवस्थित नजर आते हैं। त्योहारों के दौरान खुले बालों में स्टाइलिश लुक पाने की चाह रखने वाली महिलाओं के बीच यह ट्रीटमेंट खास पसंद बन रहा है।



13 से 15 नवंबर तक मैहर में सजेगी शास्त्रीय संगीत और नृत्य की महफिल

52वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह में देशभर के दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मैहर में 13 से 15 नवंबर तक 52वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में किया जाएगा। मप्र शासन के संस्कृति विभाग और उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित इस समारोह में देश के ख्यातनाम कलाकार शास्त्रीय संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। तीनों दिन कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होंगे जिसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

शास्त्रीय गायन, वादन नृत्य से होगा आगाज

समारोह की पूर्व संध्या पर 12 नवंबर को स्थानीय एवं क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। पहले दिन सरोद-गायन जुगलबंदी में शिराज अली खान और अरिंदम भट्टाचार्य प्रस्तुति देंगे। इसके साथ कथक, शास्त्रीय गायन और पद्मश्री गीता चंद्रन एवं साथी की भरतनाट्यम प्रस्तुति आकर्षण रहेगी।

येल्ला वेंकटेश्वर, तरुण भट्टाचार्य की प्रस्तुति 14 नवंबर को

14 नवंबर को पद्मश्री येल्ला वेंकटेश्वर, तरुण भट्टाचार्य और रोनू मजूमदार की वाद्य वृंद प्रस्तुति होगी। इसके अलावा ओडिसी नृत्य, शास्त्रीय गायन और पंडित नित्यानंद हल्दीपुर का बांसुरी वादन होगा।

ओडिसी नृत्य और सरोद वादन से सजेगी 15 नवंबर की शाम

समारोह के अंतिम दिन 15 नवंबर को ओडिसी नृत्य, अभिषेक बोरकर का सरोद वादन, निर्भय सक्सेना का शास्त्रीय गायन, सुगातो भादुड़ी का मैंडोलिन वादन और खुशबू पांचाल एवं साथी की कथक प्रस्तुति होगी। तीनों दिन मुख्य प्रस्तुतियों से पहले वाद्य वृंद-मैहर की प्रस्तुति भी होगी।

होम स्टे पंजीयन एवं मार्गदर्शन कार्यशाला 12 को

भोपाल। मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा भोपाल संभाग स्तरीय पंजीयन एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन 12 नवंबर को होटल पलाश रेजिडेंसी में दोपहर 1.30 बजे से किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश में होम स्टे, फार्म स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों को पर्यटन से जोड़ना तथा इच्छुक नागरिकों को पंजीयन प्रक्रिया एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी देना है। मप्र टूरिज्म बोर्ड एवं होम स्टे ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल सहित आसपास के जिलों के इच्छुक नागरिक भाग ले सकते हैं।


रंगोली के रंगों और आकाश कंदील की रोशनी से सजा जनजातीय संग्रहालय


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कहीं रंग-बिरंगे कागजों से आकाश कंदील तैयार किए जा रहे थे, तो कहीं रंगोली में दीपावली के शुभ संदेश उकेरे जा रहे थे। एक ओर महिलाएं खूबसूरत कलश सजा रही थीं। देखते ही देखते रंगों, रोशनी और रचनात्मकता से जनजातीय संग्रहालय का परिसर सज उठा। यह अवसर था मराठी साहित्य अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद की ओर से आयोजित सांगीतिक कार्यक्रम 'दिवाली पहाट' की पूर्व संध्या का। शुक्रवार को अकादमी की ओर से संग्रहालय में रंगोली आकाश कंदील बनाओ और कलश सजाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगोली और कलश सज्जा में महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया, वहीं आकाश कंदील बनाने में भी रचनात्मकता दिखाई। प्रतिभागियों ने पारंपरिक कला और दीपावली की सजावट के सुंदर नमूने प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं की घोषणा की गई।

जनजातीय संग्रहालय में दिवाली पहाट का शुभारंभ आज से









सात नवंबर को सुरों से सजेगी 'दिवाली पहाट' की सुबह

अकादमी के निदेशक संतोष गोड़बोले ने बताया कि 'दिवाली पहाट' कार्यक्रम सात नवंबर को सुबह 6:30 बजे जनजातीय संग्रहालय के परधौनी सभागार में आयोजित होगा। इसमें प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका भाग्यश्री देशपांडे अपनी गायकी से सुरों की छटा बिखेरेंगी। उनके साथ सहगायन महेश कंठे करेंगे। तबले पर कौस्तुभ तळेकर, संवादिनी पर मंदार दीक्षित, पखावज पर मधुकर धोंगड़े और तालवाद्य पर विजेंद्र बागकर संगत करेंगे।

प्रतियोगिताओं के विजेता

रंगोली
1. श्रुति रानडे
2. सुखदा रेडगावकर
3. सोनाली कोवले

कलश सज्जा
1. स्मिता नागरिकर
2. विशाखा गोरे
3. विनया हेड़ऊ

आकाश कंदील
1. अर्चना पुराणिक
2. नीता नाईक
3. संजय पाथरडकर



भोपाल समाचार

एमपी बोर्ड ने ऑनलाइन किए जारी

कक्षा 10वीं-12वीं के डमी प्रवेश पत्र जारी, 31 दिसंबर तक कर सकेंगे संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के डमी प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए हैं।

सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी

प्रदेश के सभी संस्थाओं के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के डमी प्रवेश पत्रों का सूक्ष्मता से परीक्षण कराएं। डमी प्रवेश पत्र में विद्यार्थी अपने नाम, विषय, माध्यम एवं अन्य विवरणों की जांच कर सकेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या संशोधन की आवश्यकता है तो निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन सुधार कराया जा सकेगा। मंडल ने संशोधन के बाद संबंधित संस्था के प्राचार्य द्वारा घोषणा पत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 निर्धारित की है। घोषणा पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने के बाद ही विद्यार्थियों के मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रदेश के सभी संस्था प्राचार्यों से विद्यार्थियों के प्रवेश पत्रों का समय रहते परीक्षण कराने और निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक संशोधन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को मिलेगा डिजिटल प्रशस्ति-पत्र

भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'हमारे शिक्षक' ऐप का सार्थक उपयोग करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। विभाग द्वारा शिक्षकों को डिजिटल प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने आवश्यक निर्देश दिए हैं।स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. गोयल ने शुक्रवार को डीपीआई में बैठक कर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति दर्ज करने वाले तथा इसी ऐप के माध्यम से अवकाश आवेदन सहित अन्य कार्यों का संपादन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभाग की ओर से ऐप के माध्यम से ही डिजिटल प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।



काटजू अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों ने मनाया दिवाली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज भोपाल

डॉ कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 365 दिन मरीजों की सेवा में समर्पित रहने वाले डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भी अपने व्यस्ततम शेड्यूल से कुछ खुशनुमा पल निकालकर सहभागिता की। क्योंकि जो हर दिन दूसरों के जीवन में उम्मीद का दीप जलाते हैं, उनके जीवन में भी खुशियों की रोशनी जरूरी है। समारोह में संस्थान की नोडल एवं सेंटर हेड डॉ. रचना दुबे, अधीक्षक डॉ बलराम उपाध्याय, समस्त चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, कार्यालय स्टाफ एवं समस्त अस्पताल कर्मी मौजूद रहे। सभी ने दीप प्रज्जवलन कर समारोह को मनाया। साथ ही तंबोला एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। चिकित्सकों ने दीपावली पर मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य, शीघ्र स्वस्थ होने एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना की।

विशेष भर्ती से नामांकित 2,790 होमगार्ड सैनिकों को मिलेगा लाभ

प्रथम नामांकित जिले स्थापना के लिए एक बार की विशेष छूट

सैनिकों ने सीएम डॉ. यादव के प्रति जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शासन ने होमगार्ड सैनिकों के हित में महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी निर्णय लेते हुए सिंहस्थ-2016 भर्ती के उपरांत वर्ष 2018 की विशेष भर्ती के माध्यम से नामांकित 2,790 होमगार्ड सैनिकों को प्रथम नामांकित जिले में पदस्थापना प्राप्त करने के लिए एक बार की विशेष छूट प्रदान की है।

राज्य शासन के इस निर्णय से लंबे समय से अपने गृह एवं प्रथम नामांकित जिले से दूर अन्य जिलों में सेवाएं दे रहे होमगार्ड सैनिकों को बड़ी राहत मिलेगी। दीवाली के अवसर पर लिया गया यह निर्णय सैनिकों और उनके परिवारों के लिए विशेष सौगात है।

इस संबंध में डीजी होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम नामांकित जिले में पद रिक्त नहीं होने के कारण संबंधित होमगार्ड सैनिकों को उस समय अन्य जिलों में पदस्थ किया गया था। अब राज्य शासन ने होमगार्ड जिला इकाइयों में वर्तमान पद रिक्तियों को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश होमगार्ड नियम, 2016 के प्रावधानों में एक बार के लिए विशेष छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पात्र होमगार्ड सैनिक निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर प्रथम नामांकित जिले में पदस्थापना के लिए अनुरोध कर सकेंगे।

पदों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार पदस्थापना परिवर्तन की कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि इस निर्णय से लंबे समय से अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निर्वहन कर रहे होमगार्ड सैनिकों को अपने गृह जिले में सेवाएं देने का अवसर मिलेगा। इससे उनके पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में सुविधा होगी और सेवा के प्रति उनका उत्साह एवं मनोबल भी बढ़ेगा। राज्य शासन के इस कल्याणकारी निर्णय पर होमगार्ड संगठन एवं सैनिकों ने मुख्यमंत्री तथा मध्यप्रदेश शासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। सैनिकों ने कहा कि दिवाली के अवसर पर मिला यह निर्णय उनके और उनके परिवारों के लिए बड़ी खुशी का विषय है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर जा पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी की हवा में घुला जहर, ग्रैप-3 लागू, राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए लगाए कई प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज 3 के उपाय लागू करने की घोषणा की है। यह कदम तब उठाया जाता है जब एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 401 से 450 के बीच पहुंच जाता है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी माना जाता है।

450 पहुंचा प्रदूषण का स्तर



कई गैर-जरूरी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध

- गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे।
- स्टोन क्रशिंग और खनन गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।
- इन गतिविधियों को वायु प्रदूषण का बड़ा कारण माना जाता है।

स्टेज 3 लागू होने पर दफ्तरों में ये होगा बदलाव

- ग्रैप स्टेज 3 के तहत सरकारी, नगर निगम और निजी कार्यालयों में कामकाज सीमित कर दिया गया है।
- दफ्तरों में सिर्फ 50 प्रतिशत स्टाफ को ही फिजिकली आने की अनुमति होगी
- बाकी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है
- इसका उद्देश्य रोजाना की आवाजाही कम कर प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना है।
- निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।

वाहनों पर ये पाबंदियां लागू होंगी

पुराने वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण

- बीएस-3 पेट्रोल और 4 डीजल चार पहिया वाहनों पर रोक।
- यह पाबंदी दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में भी लागू होगी।
- पुराने डीजल मालवाहक वाहनों की दिल्ली में एंट्री भी प्रतिबंधित कर दी गई है।

दिल्ली सरकार का एलान




स्कूलों में आउटडोर एक्टिविटी पर लगी रोक बच्चों को मास्क पहनने की सलाह

दिल्ली के कई स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा और खेलकूद जैसी बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। बच्चों को प्रदूषित हवा से बचने के लिए मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है।

प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

उम्मीद है आप मौसम का मजा ले रहे होंगे



सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुके वायु प्रदूषण के संकट से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पराली की खरीद कीमत पहले ही घोषित कर दी जानी चाहिए और इसके प्रबंधन की व्यवस्था ग्राम पंचायतों को दी जानी चाहिए।

दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान 14 प्रतिशत

वरिष्ठ वकील और अदालत में 'एमिकस क्यूरी' अपराजिता सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर अभी भी 'गंभीर' श्रेणी के आसपास बना हुआ है। यहां हवा हर दिन 30 सिगरेट पीने के बराबर है। पराली जलाने का योगदान 14 प्रतिशत है।

अकेले पराली जिम्मेदार तो वाहन प्रदूषण का क्या?

बेंच ने पूछा कि वायु प्रदूषण के इतने गंभीर स्तर के लिए क्या अकेले पराली को दोष दिया जा सकता है। यहां वाहन प्रदूषण को समस्या नहीं बताई जा रही।

खबर संक्षेप

दिल्ली में गांधी नगर का कपड़ा मार्केट जला

गांधीनगर। यहां के शांति मोहल्ला स्थित कपड़ा मार्केट में शुक्रवार को आग लगने की घटना सामने आई।



आग की लपटें उठती देख बाजार में मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हलचल बढ़ गई। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कर्मभूमि एक्सप्रेस में लगी आग, 4 डिब्बे जले

पटियाला। अमृतसर की ओर आ रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 जनरल कोचों में शुक्रवार दोपहर आग लग गई।



ट्रेन नंबर 12508 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी दोपहर 12:58 बजे फतेहगढ़ साहिब जिले के साधुगढ़ रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। कुछ ही समय बाद राजपुरा के नजदीक ट्रेन के जनरल कोचों में आग लग गई। इससे यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई।

पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटाला: विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में



'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।

ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को



एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदा बीटेक का छात्र

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद स्थित नंदग्राम थाना क्षेत्र में मेरठ रोड स्थित आरके गोयल इंस्टीट्यूट



ऑफ टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में शुक्रवार सुबह बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। 18 वर्षीय छात्र ने हॉस्टल की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे संजयनगर स्थित यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार



एजेंसी ▶▶ देहरादून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

> राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ा था

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।

समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को राहत

दोबारा फॉर्म भरने का मिलेगा मौका, ईसी ने प्रक्रिया सरल की

राहत उन्हें मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किए जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नई व्यवस्था तय की है। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाए। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जाएगी।

बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे, ऑनलाइन भी दे सकेंगे फार्म

जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किए जाएंगे। बीएलओ मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जाएंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां वॉट्सएप, ईमेल और एसएमएस के जरिए भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं।

फार्म जमा न करने का कारण बताना होगा


आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फॉर्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फॉर्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे ईसीआईनेट पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बीएसई व अमिताभ बच्चन का बंगला भी निशाने पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से



उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज , वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। मुंबई में बच्चन के 2 बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा।

पुलिस ई-मेल भेजने वाले को तलाश रही

धमकी भरे ईमेल में मुंबई की चार प्रमुख जगहों का जिक्र किया गया है। मुंबई पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हैं। जांच का मुख्य मकसद यह पता करना है कि धमकी किसने भेजी और इसके पीछे क्या मंशा है। पुलिस ने फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। जांच जारी है और आगे की जानकारी मिलने का इंतजार है।

झारखंड के खूंटी में सड़क हादसा

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को ट्रेलर ने रौंद दिया, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶ खूंटी

झारखंड के खूंटी जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाला दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कर्रा थाना



क्षेत्र स्थित कोशांबी कॉलोनी के पास गुरुवार रात एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर ने सड़क पर मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रधानमंत्री, सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

रात करीब सवा 10 बजे एक स्कूटी सवार सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया था। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए घरों से बाहर निकले। कुछ युवक झाड़ी में फंसे स्कूटी सवार को बाहर निकालने में जुटे थे। तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े 9 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

हर शुक्रवार को फूड स्टॉक पोर्टल पर स्टॉक की जानकारी देनी होगी

देश भर में चावल और धान के स्टॉक का खुलासा करना अनिवार्य किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार खाद्य अनाजों, विशेष रूप से चावल की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रही है। सरकार घरेलू स्तर पर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, कीमतों में स्थिरता बनाए रखने, जमाखोरी रोकने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने कई नीतिगत कदम उठा रही है। चावल और धान का स्टॉक रखने वाली सभी इकाइयों को हर शुक्रवार को फूड स्टॉक पोर्टल



एआई इमेज

पर अपने स्टॉक की जानकारी देनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि जानकारी सटीक हो। उसे नियमित रूप से अपडेट किया जाए। यदि कोई इकाई पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई जाती है या निर्धारित स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती है, तो उसके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दक्षिणी राज्यों में स्टॉक सीमा लागू करने के लिए सहमति

उपभोक्ताओं को उचित कीमतों पर चावल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में, भारत सरकार ने 6 नवंबर के अपने पत्र के माध्यम से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकारों को धान और चावल पर स्टॉक सीमा लागू करने की सहमति दे दी है। राज्य सरकारें आवश्यकतानुसार उचित नियंत्रण आदेशों के जरिए ये सीमाएं लागू कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा- संविधान सर्वोपरि

कांग्रेस की केरलम इकाई पर क्यों न कार्रवाई की जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता 'राजनीतिक सुविधा' का विषय नहीं है और इसी के साथ उसने (सीजेआई) सूर्यकांत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर की गयी एक पोस्ट को लेकर केरलम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि संविधान सर्वोच्च है और कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक संगठन इससे ऊपर नहीं है। पीठ ने कहा किफैसलों की हमेशा आलोचना की जा सकती है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करने के लिए डराने-धमकाने का माध्यम नहीं बन सकती।

राज्य के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया

खास बातें

- जवाब दे राज्य सरकार
- न्याय क्षेत्र को कमजोर कर रहे
- कोई भी संविधान के ऊपर नहीं हो सकता

कोर्ट के अधिकार को किसी के भी समर्थन की जरूरत नहीं

कोई व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, अदालत के



अधिकार को कमजोर करने की किसी भी कोशिश से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत के अधिकार को किसी राजनीतिक समर्थन की जरूरत नहीं है, बल्कि यह कानून के शासन पर आधारित है। जहां न्याय प्रशासन की व्यवस्था स्थापित है, वहां कानून को अपना काम करना चाहिए।

केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी

माफी या अवमानना से जुड़े हालिया मामलों में सीधा संबंध कर्नाटक या कांग्रेस से यह है कि प्रदेश कांग्रेस



कमेटी ने सीजेआई के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। केरल कांग्रेस के एक्स से सीजेआई के खिलाफ एक पोस्ट की गई थी। नोटिस जारी किए जाने के बाद, केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी है।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में सिर्फ सैलरी नहीं होगी आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के तहत क्रीमी लेयर निर्धारित करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी अभ्यर्थी को क्रीमी लेयर में रखने या उससे बाहर करने का फैसला केवल उसके माता-पिता की आय, विशेषकर वेतन के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए माता-पिता का पद, सामाजिक स्थिति और आर्थिक परिस्थितियों सहित अन्य प्रासंगिक मानकों को भी देखना होगा।

माता-पिता का पद सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को भी देखना होगा

सिविल सेवा 2025 के आवंटन पर पड़ेगा असर

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम 6 मार्च को घोषित हो चुका है, लेकिन अभी तक अभ्यर्थियों को सेवाओं का अंतिम आवंटन नहीं हुआ है। इसलिए इस प्रक्रिया में सिद्धांत लागू होंगे। इसका असर आवंटन पर पड़ेगा ।

कई क्षेत्रों के लिए एआई मॉडल विकसित कर रहे

'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' लॉन्च, वैष्णव बोले भारत जल्द बनेगा दुनिया की 'एआई एप्लिकेशन राजधानी'

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति हो रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया की 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लिकेशन राजधानी' बनने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' के लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, नए अवसर भी खुलेंगे।

- वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे

जल्द भारत की अपनी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) चिप होगी


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

पोर्टल में गंभीर आवेदक ही ले सकेंगे हिस्सा

सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें केवल पूरी तरह भरी गई (कंप्लीट) एप्लिकेशंस ही स्वीकार की जाएंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सेमीकंडक्टर उद्योग की गंभीर कंपनियां ही इसमें हिस्सा लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें गैर-गंभीर आवेदकों के लिए कोई जगह नहीं है।

एप्लिकेशन पर फोकस

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम भारत को दुनिया की 'एप्लिकेशन राजधानी' बनाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है। हमारा उद्योग इन एप्लिकेशंस पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहा है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति भी हो रही है।

अहम इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण हो रहा

अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हम पूरा बैटरी सेल बना रहे हैं। हम कॉपर फॉयल बना रहे हैं। हम पीसीबी के लिए कॉपर-क्लैड लैमिनेट बना रहे हैं। पूरी वैल्यू चेन में हम हर प्रोग्राम और हर मंजूरी के साथ गहराई से काम कर रहे हैं। यह कदम भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सोशल मीडिया कंपनियां नुकसान की जिम्मेदारी लें

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, एल्गोरिद्म की पारदर्शिता से जुड़े उपाय करने चाहिए और शिकायतों का तेजी से समाधान करना चाहिए। इन मंचों को 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों सहित गंभीर ऑनलाइन खतरों से समाज की सक्रिय रूप से रक्षा करनी चाहिए। मंचों को बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और नागरिकों को होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी लेनी होगी।

समाज को सुरक्षित रखने के लिए उठाएं कदम

वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को खुद आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए कि हमारा समाज सुरक्षित रहे। वैष्णव ने कहा कि इन मंचों पर नागरिकों को अपनी बात रखने की ताकत दी जानी चाहिए। इस समय अगर किसी मंच पर मौजूद सामग्री से गंभीर नुकसान होता है, तो नागरिक के पास केवल अदालत या पुलिस के पास जाने का ही विकल्प बचता है। उन्होंने एक ऐसी अच्छी और प्रभावी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया जिसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का सीधे समाधान किया जा सके।

खबर संक्षेप

किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



नई दिल्ली। सीबीआई ने 904.32 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जूनियर महिला सहकर्मी से रेप के मामले में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर सहकर्मी के साथ रेप करने का आरोप है।

टैंक फार्म में आग लगने से 1 की मौत, 6 झुलसे



डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ जिले में ऑयल इंडिया लिमिटेड के इंटरमीडिएट टैंक फार्म में शुक्रवार सुबह आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए। कंपनी के अनुसार, तेंगाखाट स्थित इंटरमीडिएट टैंक फार्म में सुबह करीब 9:05 बजे रखरखाव कार्य के दौरान आग लगी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए।

पराग्वे में राष्ट्रपति पेना ने दिया इस्तीफा



एसनसियोन। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने उनकी सरकार से जुड़े एक बड़े डिजिटल बैंक के दिवालिया होने के बाद इस्तीफा देने की घोषणा की। यूएनो बैंक के इस संकट से लाखों लोगों की जमा-पूंजी फंस गई और देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। उनकी अपनी पार्टी ने भी उनसे समर्थन वापस ले लिया। पेना के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने की घोषणा की है।

लॉस एंजिल्स की मेयर चुनी गईं नित्या रमन



वॉशिंगटन। केरल में जन्मीं नित्या रमन ने लॉस एंजिल्स के मेयर का चुनाव जीत लिया है। वह इस शहर का नेतृत्व करने के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। वह इस शहर की पहली दक्षिण एशियाई मेयर भी बनेंगी। भारत में जन्मी रमन छह साल की उम्र में अपने परिवार के साथ अमेरिका आ गई थीं। उन्होंने हार्वर्ड से स्नातक किया और वे अर्बन प्लानर हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार सिंह की दो टूक

शांति सैनिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में

शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं

कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो



कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के दोषियों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया है, और इस बात को प्रमुखता से उठाया है कि 'ब्लू हेल्मेट्स' (शांति सैनिकों) को विषम और तकनीकी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। शांति स्थापना अभियानों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार, कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज के कर्मियों को विषम और तकनीकी रूप से उन्नत खतरों का सामना करना पड़ता है, और शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 पर भारत का निरंतर नेतृत्व इसी दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

सैनिकों को उन्नत खतरों का सामना करना पड़ रहा

भारत ने 50 मिशन में सर्वाधिक 3 लाख सैनिक तैनात किए

कर्नल सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में से एक है, जिसने अब तक 50 मिशनों में 3,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो।

184 भारतीय शांति सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कर्नल सिंह ने उन 184 भारतीय शांति सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 'ब्लू हेल्मेट्स' के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस अनिवार्य उद्देश्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता केवल दार्शनिक नहीं है; यह बुनियादी है, जो सात दशकों के परिचालन जुड़ाव में निहित है, और हमारे शांति सैनिकों के पसीने और खून से आकार लेती है।

शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों

भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार ने कहा कि शांति अभियानों के सफल होने की संभावना तब सबसे अधिक होती है जब वे एक व्यापक राजनीतिक प्रक्रिया के साथ जुड़े हों, जिसमें स्पष्ट रूप से परिकल्पित राजनीतिक परिणाम और शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों। भारत ने सैनिकों और पुलिस का योगदान देने वाले देशों के लिए उन 'मैंडेट' (कार्यक्षेत्र) को आकार देने में एक 'व्यवस्थित आवाज' होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिन्हें वे लागू करते हैं।

शांति सैनिक भेजने वाले देशों को अधिकार दें

सिंह ने जोर दिया कि जिन देशों के सैनिक और पुलिसकर्मी इन अभियानों में शामिल हैं, उन्हें सुरक्षा परिषद द्वारा तय किए जाने वाले जनादेश को आकार देने में अपनी बात रखने का व्यवस्थित अधिकार होना चाहिए।

वर्तमान में 160 भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात

कर्नल सिंह ने 1960 से महिला शांति सैनिकों की भारत की तैनाती पर भी प्रकाश डाला, और इस विश्वास को दोहराया कि वे जनादेश को पूरा करने में केंद्रीय भूमिका में बनी हुई हैं। वर्ष 2007 में, भारत ने लाइबेरिया में पहली बार सर्व-महिला पुलिस इकाई की तैनाती की थी, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित की और यह निर्णायक रूप से सिद्ध किया कि महिला शांति सैनिक शांति स्थापना में विशिष्ट रूप से प्रभावी हैं। सिंह ने बताया कि भारत ने वर्तमान में 160 महिला शांति सैनिकों को तैनात किया है।

शांति मूल उद्देश्य

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत शांति स्थापना को संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्य के लिए 'अपरिवर्तनीय' (अनिवार्य) मानता है, इसलिए नई दिल्ली ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में अपनी उम्मीदवारी के लिए इसे एक प्राथमिकता के रूप में चिह्नित किया है।

कमजोर ट्रंप ने कसी कमर

'वीटो पावर' का इस्तेमाल कर विरोधियों के एजेंडे को पलटेंगे

- *डेमोक्रेट्स का ट्रंप पर ईरान युद्ध समाप्त करने का दबाव*
- *ट्रंप प्रशासन और उनके करीबियों की आक्रामक जांच*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के परिणामों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों, निचले सदन- प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन- सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। यानी विधायिका में डेमोक्रेटिक पार्टी अब रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ मजबूत हो गई। दूसरी तरफ कई राज्यों के गवर्नर और विधानसभा चुनाव में भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रिपब्लिकन को हराकर अपना शासन स्थापित किया है।


डोनाल्ड ट्रंप

यूं तो इन चुनावों में राष्ट्रपति की कुर्सी दांव पर नहीं थी, लेकिन इस पद के साथ मिलने वाली कई शक्तियां अब कम हो सकती हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के विधायी एजेंडे और जांच अभियानों को बेअसर करने के लिए एक आक्रामक प्रशासनिक रणनीति बनाई है। डेमोक्रेट्स के पास वीटो को पलटने के लिए न तो प्रतिनिधि सभा और न ही सीनेट में जरूरी दो-तिहाई बहुमत (प्रतिनिधि सभा में 290 और सीनेट में 67 सीटें) है।

टैरिफ और व्यापार शुल्क रद्द करवाएंगे

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर हकीम जेफ्रीज की पहली प्राथमिकता रिपब्लिकन पार्टी की ओर से आम लोगों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा- मेडिकेड में की गई कटौती को बहाल करना और अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को फिर से लागू करना होगी। इसके साथ ही वे दवाओं की कीमतों को सीमित करने का प्रयास करेंगे। डेमोक्रेट्स ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों, खासकर कनाडा पर लगे लेवी को वापस लेने के लिए एंड ट्रंप्स टैरिफ टैक्स एक्ट जैसा कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं, उनका तर्क है कि इन शुल्कों ने घरेलू लागत बढ़ाई है। डेमोक्रेट्स एक ऐसा प्रस्ताव लाने की योजना बना रहे हैं।

पॉकेट वीटो की रणनीति अपनाएंगे

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे लोकप्रिय विधेयकों पर बार-बार वीटो की धमकी देकर या प्रशासन की नीतिगत चेतावनियों के जरिए डेमोक्रेट्स को कानून में संशोधन करने या अंततः समझौते की मेज पर आने के लिए मजबूर करेंगे। संसद (कांग्रेस) के स्थगन के समय ट्रंप बिना हस्ताक्षर किए विधेयकों को रद्द करने वाले पॉकेट वीटो का उपयोग कर सकते हैं, जिसे कांग्रेस द्वारा दोबारा मतदान से भी नहीं पलटा जा सकता। डेमोक्रेट्स के जांच के लिए जारी होने वाले समन और संभावित महाभियोग का मुकाबला करने के लिए व्हाइट हाउस काउंसिल के दफ्तर ने विशेष रूप से 15 अतिरिक्त वकीलों की भर्ती कर ली है।

सीएम साहा ने घटना की समीक्षा की

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 8 गिरफ्तार, कुल 18 पकड़े

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर कथित तौर पर हमला करने और उनमें से तीन को घायल करने के आरोप में आठ और लोगों को पकड़ा गया है।

जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तस्करी के संदेह में सिपाहीजाला जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को आशाबारी सीमा चौकी के पास ग्रामीणों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक सहायक कमांडेंट समेत 3 जवान घायल हो गए थे।


सीएम साहा बैठक करते हुए

टाइगर ट्रायम्फ 2026 समारोह संपन्न

भारत-यूएस सेनाओं ने सहायता आपदा, राहत पर किया अभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरीका के बीच पांचवा द्विपक्षीय त्रि-सैन्य मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ 2026 विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। 31 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित इस अभ्यास में दोनों देशों के सशस्त्र बल कर्मियों ने भाग लिया।

समापन समारोह में नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई और अमरीकी प्रशांत बेड़े के वाइस कमांडर रियर एडमिरल जोक्विन जे. मार्टिनेज डी पिनिलोस उपस्थित रहे। अभ्यास में सैन्य बल अभ्यास और आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं के परीक्षण और मूल्यांकन संबंधी सैन्य चर्चा - टेबलटॉप अभ्यास शामिल रही।


विशाल बिश्नोई, जोक्विन पिनिलोस

हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस

नौसेना को सौंपा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अमिनी', बारूदी सुरंगों का लगाएगी पता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) में से एक 'अमिनी' को गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है।

ये पोत भारतीय नौसेना के सबसे बड़े जलज्वारीय युद्धपोतों में से एक हैं, जो अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस हैं, जिससे पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम है।


भारतीय नौसेना को सौंपते अमिनी

80 प्रतिशत स्वदेशी निर्माण

अमिनी का नाम लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के अमिनी द्वीप से लिया गया है। यह पोत पूर्ववर्ती पेट्या तृतीय श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस अमिनी की अगली पीढ़ी है, जिसे 2002 में सेवामुक्त कर दिया गया था, इस प्रकार यह विशिष्ट विरासत नामों को बनाए रखने की नौसैनिक परंपरा को जारी रखता है।

तुर्किये की करतूत: एर्दोगन राज में भारत विरोधी ताकतों को दिया मंच

आतंकी बुरहान की तस्वीर भी दिखाई, पीओके नरसंहार पर सभी लोग रहे मौन

कश्मीर पर हुआ सम्मेलन, पुरानी तस्वीरों से लोगों को 'बरगलाने' का प्रयास किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में कश्मीर पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पाकिस्तान के राजनयिकों, कश्मीर अलगाववादी विचारों से जुड़े प्रतिनिधियों और विदेशी अकादमिक हस्तियों ने हिस्सा लिया।

इस मंच से भारत विरोधी ताकतों ने खूब जहर उगले। सम्मेलन के दौरान दिखाई गई तस्वीरों में आतंकी बुरहान वानी भी शामिल था। इसके अलावा सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी करते लड़कों और लड़कियों की फोटो, वीडियो भी यहां लगाई गई थी। सम्मेलन में कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों, कथित मानवाधिकार उल्लंघनों और हिंदुत्व विचारधारा के प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इतना ही नहीं, कश्मीर के मुद्दे को फिलिस्तीन से जोड़कर पेश करने की भी कोशिश की गई।

आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का किया प्रयास



इस्तांबुल में कश्मीर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कश्मीर विवाद पर उगला जहर

पहले सत्र में कश्मीर विवाद का क्षेत्रीय स्थिरता पर असर, शांति और न्याय की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र का विषय हिंदुत्व विचारधारा का क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव रखा गया। इस दौरान कश्मीर और फिलिस्तीन के मुद्दों के बीच समानताएं और अंतर तलाशे गए। तीसरे सत्र में कश्मीर विवाद के अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। इस आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने और भारत की नीतियों पर सवाल खड़े करने की कोशिश की गई।

पीओके में हो रही हत्याओं पर साधी चुप्पी: इस आयोजन की खास बात यह रही कि मानवाधिकार की बात करने वाले इन एजेंडेबाज लोगों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सेना की फायरिंग पर चुप्पी साध रखी।

तुर्किये जेनक्लिक वक्फी ने किया आयोजन

सम्मेलन का आयोजन तुर्किये के युवा संगठन 'तुर्किये जेनक्लिक वक्फी' ने अपने मुख्यालय में किया। कार्यक्रम में पाक के इस्तांबुल स्थित कॉन्सुल जनरल ख्वाजा खुर्रम नईम शामिल हुए। वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. मुजम्मिल अय्यूब ठाकुर, इस्लाम एंड ग्लोबल अफेयर्स सेंटर के निदेशक डॉ. सामी अल एरियन और तुर्किये रिसर्च फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. एनेस बायराकली भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीन सत्र आयोजित किए गए।

पत्रकार ने लगाई फटकार: पत्रकार राजा मुनीब ने लिखा कि एक दशक पुरानी तस्वीरों का इस्तेमाल करके किसी मरे हुए नैरेटिव को जिंदा रखने की कोशिश करना, खुद पाक और उसके प्यादों की हार है।

बलूच यकजेहती कमेटी का आरोप

बलूचिस्तान में बढ़ रहा अत्याचार पाक सेना ने 4 लोगों की हत्या की

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

मानवाधिकार संगठन 'बलूच यकजेहती कमेटी' (बीवाईसी) ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फोर्स ने कम से कम चार नागरिकों की गैर-न्यायिक हत्या कर दी।

60 वर्षीय दुकानदार इलाही बख्श और 32 वर्षीय ड्राइवर मुनीर अहमद को जबरन गायब कर दिया गया था। बाद में 2 नवंबर को उनके शव 'नाल' क्षेत्र के 'लाघोरजार्ड' इलाके में फेंक दिए गए। बीवाईसी के अनुसार, 30 अक्तूबर को पाकिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के जवानों ने इलाही बख्श को उनके घर से जबरन उठा लिया था, जिसके बाद से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि लोगों को जबरन गायब करना और बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मार डालना, जीवन, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।


एआई इमेज

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए किया क्वालीफाई

वेस्ट ज़ोन अंतर विश्वविद्यालयीन महिला हॉकी में आरएनटीयू ने जीती चांदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला हॉकी टीम ने वेस्ट ज़ोन अंतर विश्वविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता 2026-27 में सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

आरएनटीयू ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। राजस्थान की यूनिवर्सिटी ऑफ जयपुर में 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला हॉकी टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में क्वालीफाई करने वाली चार टीमों के बीच लीग आधार पर मुकाबले खेले गए। आरएनटीयू की टीम ने तीन मुकाबलों में कुल पांच अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया और सिल्वर मेडल हासिल किया।

लीग मुकाबलों में आरएनटीयू का प्रदर्शन

आरएनटीयू की टीम ने अपने पहले लीग मुकाबले में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे के साथ कड़ा मुकाबला खेलते हुए 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मैच में आरएनटीयू की ओर से हिरवा पुरोहित ने शानदार गोल किया। दूसरे लीग मुकाबले में आरएनटीयू की टीम ने महाराजा कृष्ण कुमार सिंह भावनगर विश्वविद्यालय, गुजरात को 5-2 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में आरएनटीयू की साक्षी जैन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे, जबकि मुनमुनी दास और योगिता वर्मा ने एक-एक गोल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। तीसरे लीग मुकाबले में आरएनटीयू का सामना आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर से हुआ। दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और मुकाबला ड्रॉ रहा। इस प्रकार आरएनटीयू ने तीन लीग मुकाबलों में पांच अंक अर्जित करते हुए प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया और सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। आरएनटीयू की महिला हॉकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, आक्रामक खेल, शानदार टीमवर्क और बेहतरीन खेल कौशल का परिचय दिया। टीम की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना टीम की मेहनत और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

एलएनसीटी की महिला वॉलीबॉल टीम बनी चैंपियन

एलएनसीटी ने गत वर्ष का खिताब बरकरार रखा, लगातार दूसरी बार बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेएनसीटी भोपाल द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), भोपाल के तत्वावधान में आयोजित आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता 2026-27 में एलएनसीटी की महिला वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। एलएनसीटी की टीम ने गत वर्ष के खिताब को बरकरार रखते हुए लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी की टीम ने ओरिएंटल कॉलेज को 25-13 एवं 25-15 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी की टीम ने उत्कृष्ट



खेल का प्रदर्शन करते हुए एसआईआरटी की टीम को 25-10 एवं 25-13 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। एलएनसीटी की विजेता महिला वॉलीबॉल टीम में आशी राठौड़, अनुष्का यादव, मानवी यादव, समृद्धि पंवार, भूमि मोटवानी, आशिका गौर, नितिशा छुगानी, प्रज्ञा बाथम, निधि पटवा, रिया सिंह, उदिता सिंह, रेखा पौडेल, श्रेया सिंह राजपूत एवं लक्ष्मी सिंह परिहार शामिल रहीं। टीम के कोच महेश सोधिया के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण में एलएनसीटी की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना एवं शानदार तालमेल का प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। एलएनसीटी की इस गौरवपूर्ण सफलता पर डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल एवं सचिव, एलएनसीटी ग्रुप, डॉ. अशोक राय डायरेक्टर डीन एडमिनिस्ट्रेशन, एलएनसीटी, डॉ. बी.के. साहू प्राचार्य एलएनसीटी तथा पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ग्रुप ने विजेता टीम एवं कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता 14 से

भोपाल जिला फुटबॉल टीम के चयन के लिए ट्रायल शिविर शुरू, युवाओं में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में 14 नवंबर से जिला सागर में आयोजित होने वाली इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भोपाल जिला फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा जिला टीम के चयन हेतु ट्रायल शिविर का आयोजन आज केडीपीएस स्कूल, करोंद में किया गया।

चयन शिविर में भोपाल के बड़ी संख्या में युवा फुटबॉल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर की शुरुआत से पहले भोपाल जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव जितेंद्र शर्मा जी एवं वाइस प्रेसिडेंट तनवीर दाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। यह चयन एवं प्रशिक्षण शिविर 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भोपाल के युवा खिलाड़ियों को हेड कोच शकील द्वारा पेशेवर फुटबॉल तकनीकों, खेल कौशल, रणनीति और टीम समन्वय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के उपरांत चयनित भोपाल जिला टीम 13 नवंबर को सागर के लिए रवाना होगी, जहां टीम इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल का प्रतिनिधित्व करेगी।

अंडर-22 अंतर-जिला क्रिकेट प्रतियोगिता विदिशा

राजगढ़ ने विदिशा को 10 विकेट के बड़े अंतर से किया पराजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भोपाल संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-22 अंतर-जिला प्रतियोगिता में राजगढ़ की टीम ने मेजबान विदिशा को 10 विकेट के बड़े अंतर से पराजित किया। दो दिवसीय यह मुकाबला विदिशा के कनारा मैदान पर खेला गया। राजगढ़ के कप्तान योगेश यादव ने गेंद और बल्ले, दोनों से निर्णायक योगदान दिया।

विदिशा की पहली पारी 116 पर सिमटी

विदिशा की पूरी टीम 47.1 ओवर में 116 रनों पर समाप्त हो गई। जय रघुवंशी ने 32, देव रघुवंशी ने 21, हितार्थ शाह और अतुल कुशवाह ने 11-11 रन बनाए। राजगढ़ के राजेश सोंधिया और योगेश ने 3-3 और चंदन ने 2 विकेट झटके। जवाब में राजगढ़ ने 58 ओवर में 210 रन बनाए और 94 रनों की बढ़त हासिल की। विदिशा के गेंदबाज अमन नरवरिया ने 5 और ईशु अहिरवार ने 4 विकेट हासिल किए। दूसरी पारी में विदिशा की पूरी टीम 43.2 ओवर में 117 रनों पर सिमट गई। राजगढ़ को जीत के लिए केवल 24 रनों का लक्ष्य मिला। योगेश यादव और प्रज्ज्वल गुप्ता ने 5 ओवर में ही बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य प्राप्त कर लिया। योगेश यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एमपीसीए सीडीसी चेयरमैन हर्ष कुमार पांडे व बीडीसीए के सह सचिव संदीप सिंह डोंगर ने प्रदान किया ।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
आम सूचना
कीलनदेव टॉवर्स, शिवाजी नगर, बोर्ड ऑफिस के सामने, भोपाल (म.प्र.) में स्थित प्रकोष्ठ/फ्लेट क्रमांक- ई/703, सातवा तल, टाईप-डी, ब्लाक-ई मण्डल द्वारा श्रीमती कपूरी बाई राठौर पत्नि श्री प्रेम नारायण राठौर के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 28/05/2019 एवं दिनांक 14.06.19 को पंजीकृत है। श्रीमती कपूरी बाई राठौर पत्नि श्री प्रेम नारायण राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) सुश्री अनुभूति मिश्रा पुत्री श्री अजय कुमार मिश्रा (2) श्रीमती सीमा गौर पत्नि श्री अजय मिश्रा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 27/10/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) सुश्री अनुभूति मिश्रा पुत्री श्री अजय कुमार मिश्रा (2) श्रीमती सीमा गौर पत्नि श्री अजय मिश्रा के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
आम सूचना
हाऊसिंग बोर्ड, ई-7 अरेरा कॉलोनी, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 423 की छत (क्षेत्रफल 143.50 वर्गमीटर) मण्डल द्वारा श्री संजीव कुमार तिवारी आत्मज स्व. श्री जे. पी. तिवारी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख/दान / दान पत्र पंजीयन कार्यालय से दिनांक 26/07/2003 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 03/11/2008 को पंजीकृत है। श्री संजीव कुमार तिवारी व श्री राजीव तिवारी आपस में दोनों भाई है, दोनों भाईयों में वाद-विवाद होने के कारणवश न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया दिनांक 08/02/2020 को आदेश पारित (डिक्री) श्री राजीव तिवारी के पक्ष में आदेश पारित किया गया। श्री संजीव कुमार तिवारी आत्मज स्व. श्री जे. पी. तिवारी (जगदीश प्रसाद तिवारी) द्वारा न्यायालय श्री कर्नल सिंह श्याम, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, भोपाल द्वारा अधिकृत सिविल रीडर (असिस्टेन्ट ग्रेड-3) श्री अरूण सिन्हा आत्मज श्री रामप्रताप सिंन्हा के द्वारा उक्त सम्पत्ति भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 423 की छत (क्षेत्रफल 143.50 वर्गमीटर) श्री राजीव तिवारी आत्मज स्व. श्री जे. पी. तिवारी (जगदीश प्रसाद तिवारी) को हक त्याग पत्र विलेख के माध्यम से पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 31/03/2025 को निष्पादित किया गया है। आवेदन श्री राजीव तिवारी आत्मज स्व. श्री जे. पी. तिवारी (जगदीश प्रसाद तिवारी) द्वार। आवेदन, शपथ पत्र, हक त्याग विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 423 की छत (क्षेत्रफल 143.50 वर्गमीटर) में से श्री संजीव कुमार तिवारी का नाम विलोपित कर श्री राजीव तिवारी आत्मज स्व. श्री जे. पी. तिवारी (जगदीश प्रसाद तिवारी) अपने एकल नाम से हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नाम विलोपित की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
आम सूचना
अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक 76 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती ललिता श्रीवास्तव पत्नि श्री सी.पी. श्रीवास्तव के नाम भाड़ाकय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क. 308-15 दिनांक 7/02/1989 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/04/1989 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 30/05/2019 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्रीमती ललिता श्रीवास्तव द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 20/06/2019 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री उदित श्रीवास्तव आत्मज श्री प्रेम कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती रितु श्रीवास्तव पत्नि श्री उदित श्रीवास्तव को विक्रय कर दिया गया है। परन्तु क्रेता/विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही नही कराई गई। अब संपत्ति के क्रेता श्री उदित श्रीवास्तव एवं श्रीमती रितु श्रीवास्तव द्वारा आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 20/06/2019 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी श्रीमती ललिता श्रीवास्तव पत्नि स्व. श्री सी.पी. श्रीवास्तव एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगें। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 20/06/2019 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री उदित श्रीवास्तव आत्मज श्री प्रेम कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती रितु श्रीवास्तव पत्नि श्री उदित श्रीवास्तव के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।
उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सान्वी गुप्ता (पुराना नामः सान्वी गुरु), निवासीः मकान नंबर अ-605, वेस्टर्न कोर्टयार्ड, प्रेस्टीज टॉवर, जे.के. रोड, शिडीपुरम, कोलार, भोपाल (म.प्र.), घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम "सान्वी गुरु" से बदलकर "सान्वी गुप्ता" रख लिया है। मेरे पिता उत्तम दास कबीर पंथी और माता सोनाली गुप्ता हैं। भविष्य में मुझे सभी सरकारी व आधिकारिक दस्तावेजों सहित हर जगह "सान्वी गुप्ता, पुत्री उत्तम दास कबीर पंथी एवं सोनाली गुप्ता" के नाम से ही जाना जाए।

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अभ्युदय गुप्ता (पुराना नामः अभ्युदय गुरु), निवासीः मकान नंबर अ-605, वेस्टर्न कोर्टयार्ड, प्रेस्टीज टॉवर, जे.के. रोड, शिडीपुरम, कोलार, भोपाल (म.प्र.), घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम "अभ्युदय गुरु" से बदलकर नया नाम "अभ्युदय गुप्ता" रख लिया है। मेरे पिता उत्तम दास कबीर पंथी और माता सोनाली गुप्ता हैं। भविष्य में मुझे सभी सरकारी व आधिकारिक दस्तावेजों सहित हर जगह "अभ्युदय गुप्ता, पुत्र (S/o) उत्तम दास कबीर पंथी एवं सोनाली गुप्ता" के नाम से ही जाना जाए।

नाम परिवर्तन सूचना
मैं मोहम्मद औसाफ अहमद पिता अख्तर हुसैन आयु वयस्क निवासी म. न. 129 नूरमहल पायगा जी.पी.ओ भोपाल मध्यप्रदेश 462001 नाबालिग बच्चियों के दस्तावेजों में दर्ज पिता के नाम की स्पेलिंग (वर्तनी) मोहम्मद औसाफ अहमद (Mohammad Ausaf Ahmed) से बदलकर मोहम्मद औसाफ अहमद (Mohammed Ausaf Ahmed) कर दिया है। भविष्य के सभी उददेश्यों के लिये शपथ पत्र (Affidavit) दिनांक 06.11.2026 के अनुसार जो नोटरी भोपाल म.प्र. भारत के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048, email: cepurez@yahoo.in CIN: U40109MP2002SGC015120
No. CGM(S&P)/EZ/GM-I/I/2585 **TENDER NOTICE** Jabalpur, dtd: 04.11.2026
Online tenders are invited for supply of following items from manufacturers only as per tender specifications by the date indicated below:-

S. No.	TS No. Discom- EZ/Pur	Name of Item	Approx. Value (Rs. in Lakhs)	Tender fee (in Rs)	Due date of opening of tender online from 17.30 Hrs (*)
1	1766 (Tender ID: 2026 PKVVC_547212_I)	Differential Protection Relay	169.92	5,900.00	25.11.2026

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in
Save Energy For Better Tomorrow "बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें" CGM (S&P)

कार्यालय नगर पंचायत बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Entail ID- npbilaigarh08@gmail.com
क्र./ 1013 / न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 बिलाईगढ़, दिनांक 30/10/2026
// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //
एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-F (Lumpsum) अंतर्गत आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	Tender Document Fee	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1	203016	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Bilaigarh under SBM 2.0 (1st Call)	INR 235.46 LAKH	INR 1.50 Lakh TDR/ FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	INR 10000/- in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	Construction Period-15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of work order)	"B" and Above	25.11.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा/सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बिलाईगढ़

M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD
TENDER INVITING NOTICE
Online percentage Tender is invited for the Following works from registered Contractors Fulfilling Registration criteria :-

S. No.	Tender No.	Name of Work	Probable Amount of Contract	Completion Period	Cost of Bid Document (Rs.)	Date of Purchase & Submission to Bids	Date of Opening of Tenders
1.	2026-27_MPHID_547047 (1st Call)	Providing Security Services at Krishna Vihar Sankhedi Bhopal.	PAC Rs. 1701216.00 EMD Rs. 34100.00	12 Month i/c Rainy Season	Rs. 5900.00 (i/c GST)	Date 10.11.2026 Date 27.11.2026 at 17.30 Hrs.	Envelop-A Date 01.12.2026 at 14.00 Hrs. Envelop-C Date 01.12.2026 16.00 Hrs.
2.	2026-27_MPHID_547046 (1st Call)	Maintenance for Internal Environmental, House Keeping & Cleaning Work for Composite Housing Scheme Krishna Vihar Sankhedi Bhopal for 2026-27.	PAC Rs. 833198.00 EMD Rs. 16700.00	12 Month i/c Rainy Season	Rs. 2360.00 (i/c GST)	Date 10.11.2026 Date 27.11.2026 at 17.30 Hrs.	Envelop-A Date 01.12.2026 at 14.00 Hrs. Envelop-C Date 01.12.2026 at 16.00 Hrs.

Note:- (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **https://www.mptenders.gov.in.** Amendment in NIT if any would be published on website only and not in newspapers.
Visit us : www.mphousing.in **(Prakash Sangamnerkar, E.E.)**
E-mail ID : eedn6hbbpl@mphousing.mp.gov.in /mphidb **Div-4 Bhopal**
M.P. Madhyam/129030/2026 /mphidb **Ph. : 0755-4438284**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक 02
भोपाल, ई-मेल : pe.policehousingbpl2@mp.gov.in
Mobile No. : 9425601534
क्र. मप्रपुआअविनि/1198/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 06.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति
"प्रबंध शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल में बैठक कक्ष (कान्फ्रेंस हॉल) का निर्माण कार्य जिला भोपाल" के कार्य हेतु निविदा क्रमांक 20/2026-27 ऑनलाइन निविदा क्रमांक - MPPHCL/TENDER No. 2026_MPPHC_548328_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.11.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/129012/2026 परियोजना यंत्री

Civil Aviation Department
Airport Road, Patna – 800014.
Letter. No: सि०वि०वि०(योजना) 09–17 / 2026-1556
Corrigendum for RFP
(PR - 012895 & 014073 (Civil Aviation) 2026-27)
Subject: Corrigendum for "Selection of Consultants for Joint Measurement Survey, Title Verification, Direct Land Purchase Facilitation, Registration, Mutation and Digital Land Bank Services for Proposed Greenfield Airports at Sonpur (Saran) and Ajgaibinath Dham (Bhagalpur) in Bihar, India"

This Corrigendum is issued in continuation of Request For Proposal (RFP) documents published vide Letter No-1360 Dt. 29.09.2026 and corrigendum published vide Letter No-1474 Dt. 16.10.2026 for the **Selection of Consultant for Selection of Consultants for Joint Measurement Survey, Title Verification, Direct Land Purchase Facilitation, Registration, Mutation and Digital Land Bank Services for Proposed Greenfield Airports at Sonpur (Saran) and Ajgaibinath Dham (Bhagalpur) in Bihar, India.**

In response to Pre-Bid meeting and request received from interested Consultants and in order to encourage broader participation and inclusive competition, certain modifications and additions have been made to the Request For Proposal (RFP) document. The details of the changes are outlined below :-

S.No	Clause/Annexure	Current Content	Changes
1.	**Page No 26 8. Evaluation of Proposals – QCBS (70:30) 8.2 Technical Evaluation Matrix (100 marks):**	**1.** Relevant experience of the firm – land acquisition / direct purchase facilitation assignments (area, value, completeness up to possession and mutation) ; additional weight for assignments under State direct-purchase / mutual-consent policies and for assignments in Bihar.	Relevant experience of the firm – land acquisition / direct purchase facilitation assignments (area, value, completeness up to possession and mutation) ; additional weight for assignments under State direct-purchase / mutual-consent policies and for assignments in Bihar **or anywhere in india.**
2.	**Page No 26 8. Evaluation of Proposals – QCBS (70:30) 8.2 Technical Evaluation Matrix (100 marks):**	**2.** Relevant experience – DGPS / ETS / drone survey and superimposition of revenue records	Relevant experience – DGPS / ETS / drone survey and superimposition of revenue**/cadastral** records
3.	**Page no 49 24. Key Personnel** 3. GIS Expert (full-time)	• **Minimum Qualification** M.Sc. Geo-informatics / M.A. Cartography / B.E. with GIS specialisation	M.Sc. Geo-informatics / M.A. Cartography / **M.A. Geography/** B.E. with GIS specialisation
4.	**Page no 49 24. Key Personnel** 4. Legal / Title Verification Expert (full-time)	• **Essential Experience** Title due diligence of agricultural land in Bihar; practice in BT Act, Land Reforms / Ceiling / Bhoodan matters, mutation appeals (DCLR), registration law; Hindi record reading	**Title due diligence of agricultural land across Indian states; practice under state tenancy and land revenue legislation (e.g., Bihar Tenancy Act, Maharashtra Land Revenue Code / Tenancy & Agricultural Lands Act, UP Zamindari Abolition & Land Reforms Act / UP Revenue Code, Rajasthan Tenancy Act)**

Also the dates of Events published in Request For Proposal (RFP) documents vide Letter No-1360 Dt. 29.09.2026 and corrigendum published vide Letter No-1474 Dt. 16.10.2026 are hereby revised as follows :-

Sr No.	Event Description	Revised Date
1	**Last date for submission of Bid (Proposal Due date)**	19.11.2026, up to 03:00 pm
2	**Opening of Technical Bid (Envelope 1)**	20.11.2026, at 03:00 pm at the office of Civil Aviation Department (Tentative).
3	**Technical Presentation by eligible bidders**	17th Mar 2026, 12:00 Hrs. onwards (Tentative date) at Conference Hall, Civil Aviation Department, Airport Road, Patna- 800014.

• Opening of Financial Proposals (Envelope 2) - To be intimated to technically qualified bidders

Applicability and Other Terms:
1. All other terms and conditions mentioned in the original RFP shall remain **unchanged.**
2. This Corrigendum shall be read as part of the original RFP documents published vide Letter No-1360 Dt. 29.09.2026 and corrigendum published vide Letter No-1474 Dt. 16.10.2026.
3. Bidders are advised to consider this Corrigendum while preparing and submitting their proposals.
4. The revised eligibility criteria are effective **immediately.**
5. For detailed notification or further updates, kindly visit the website; www.state.bihar.gov.in/cad

Secretary
Civil Aviation Department
PR- 015113 (Civil Aviation) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।



सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



15 साल के वैभव पहली बार कप्तान बने

इंदौर। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पहली बार किसी टीम के कप्तान बन गए हैं। उन्हें सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी बिहार की कप्तानी मिली है। इससे पहले वे बिहार की रणजी टीम और दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के उपकप्तान रह चुके हैं। वैभव ने 2 दिसंबर 2025 को सैयद मुश्ताक अली में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 बॉल पर शतक लगाया था। उन्होंने 61 बॉल पर 108 रन बनाए थे। सैयद मुश्ताक अली भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट हैं। बिहार क्रिकेट संघ की चयन समिति ने शुक्रवार को बैठक के बाद शुरुआती दो मैचों के लिए टीम चुनी। बिहार 14 नवंबर को इंदौर में सौराष्ट्र के खिलाफ पहला मैच खेलेगा। 16 नवंबर को रेलवे से मुकाबला होगा।

चीन चैंपियनशिपः प्रणवी ने किया कट में प्रवेश



शेनजेन। शीर्ष गोल्फर प्रणवी उर्स चीन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलकर कट में प्रवेश करने में सफल रहीं। प्रणवी ने शुरुआती दौर में पार 73 का कार्ड खेला था। 36 होल का खेल पूरा होने के बाद वह कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। कट भी एक अंडर के स्कोर पर तय हुआ, जिसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शुरुआती दो दौर के खेल के बाद 20 वर्षीय स्थानीय खिलाड़ी लिकी जेंग 12 अंडर पार के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ हसन महमूद ने चटकाए 6 विकेट



सिलहट। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज हसन महमूद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। इसी के साथ हसन ऑस्ट्रेलियाई स्टार नाथन लियोन के बाद ऐसे दूसरे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले पांच 'फाइव-विकेट हॉल' पांच अलग-अलग देशों में लिए। हसन महमूद ने सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में 24 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 90 रन देकर 6 शिकार किए। इस दौरान एक ओवर मेडन निकाला। टेस्ट क्रिकेट में यह महमूद का पांचवां 'फाइव-विकेट हॉल' है। महमूद ने साल 2024 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 43 रन देकर 5 शिकार किए थे, जबकि साल 2024 में चेन्नई में भारत के विरुद्ध 83 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।






कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।

बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा,' मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।

कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में



वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया



एजेंसी ▶▶| अल अमेरत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।

आर्यवीर ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने 52 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। रायचंदानी 63 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

बैडमिंटन

युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



एजेंसी ▶▶| डकार

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

■ रजत पदक जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला शटलर

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार



लंदन। भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने पराग्वे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा। भारत के 167वीं रैंकिंग वाले अयान वाजिराली पहले दौर में ऊंची रैंकिंग वाले बेन स्मिथ से हार गए।

यूईएफए यूरोपा लीग : ओलंपिक मार्सिले ने बायर लेवरकुसेन को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से ओलंपिक मार्सिले ने यूईएफए यूरोपा लीग में बायर लेवरकुसेन पर 1-0 से जीत हासिल की। मेहमान टीम ने बेएरिना में बेहतर शुरुआत की।

गौरी ने पेनल्टी एरिया के अंदर एक लंबे पास को नियंत्रित करने और अपने मार्कर से बचने के बाद शुरुआती मौका गंवा दिया, लेकिन गोलकीपर मार्क फ्लेकेन ने उसे रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों में से किसी ने भी लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं किया। मेजबान टीम 42वें मिनट में गोल करने के सबसे करीब पहुंची जब मिगुएल गुटिरेज का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके बाद हाफटाइम से पहले जेरेल क्वांसाह का शॉट थोड़ा वाइड चला गया।



आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच चार दिवसीय मैच

टेस्ट सीरीज से पहले लय तलाशेंगे बुमराह-जडेजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत ए की तरफ से खेलते हुए शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में 3 अक्टूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 और मौजूदा वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे।



चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध

भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

न्यूजीलैंड पहुंचे जडेजा

सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में 7 विकेट लिए और एक शतक बनाया। वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्रॉफी की अपनी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे थे।

शानदार फार्म में पडिक्कल और जुरेल

देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गए पिछले मैच में नाबाद 155 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहले मैच के बाद वनडे टीम से बाहर किए गए ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं।

Dr. Juneja's EYE Mantra®

दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा

Clinically Tested*

प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com



उदित समेत 13 सिंगर्स ने मिलकर गाए 'सूर्या' के गीत

नई दिल्ली। रामायण पार्ट 1 की रिलीज के बाद सनी देओल एक और फिल्म सूर्या में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 दिनों बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका फुल एल्बम जारी हो गया। आगामी फिल्म सूर्या के गानों में कुमार सानू से लेकर उदित नारायण अपनी आवाज देने वाले हैं। फिल्म में कुल सात गाने हैं, जिन्हें सिनेमा के दिग्गज गायक-गायिकाओं ने गाया है। सूर्या के साथ सबका अनुभव करो। फिल्म में कुल सात गाने हैं। सुनियो जरा - कुमार सानू, उदित नारायण, अनुपम अमोद। ढोला जी - श्रेया घोषाल, जावेद अली, स्वरूप खान।



हॉलीवुड मसाला

किंग काइली बनीं प्रियंका



लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा त्योहारी सीजन का भरपूर आनंद ले रही हैं। दिवाली की पार्टी का आयोजन करने के बाद अब वह अपने परिवार के साथ हैलोवीन मनाने में जुट गई हैं। हैलोवीन मनाने के लिए अभिनेत्री अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ बाहर निकलीं। इस मौके पर, प्रियंका ने काइली जेनर के मशहूर 'किंग काइली' लुक को अपनाया। उन्होंने लंबे गुलाबी बाल (विग), काली बीनी (टोपी), बड़े सनग्लासेस, काला क्रॉप टॉप और उसके साथ मैचिंग जैकेट व ट्राउजर पहना।

लाइफ Style

सुहाना

दिवाली पार्टी में बिखेरा फैशन का जलवा

बॉलीवुड में सितारे दिवाली बड़े ही ग्लैमरस अंदाज में मनाते हैं। हाल ही में मनीष मल्होत्रा ने बॉलीवुड सितारों के लिए एक स्पेशल दिवाली पार्ट होस्ट की। इस पार्टी में जाने-माने सितारे शामिल हुए और फैशन का जलवा बिखेरा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृति सेनन, सुहाना खान, जाह्नवी कपूर और करीना कपूर ने तो अपने लुक से हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। सोशल मीडिया पर इस पार्टी में शामिल हुए सितारों के लुक्स खूब वायरल हो रहे हैं। कृति सेनन भी मनीष मल्होत्रा की पार्टी में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने इस दौरान पेस्टल ब्लू कलर का कुर्ता और मैचिंग पैंट पहनी। एक्ट्रेस का ये अंदाज भी काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस लग रहा है। सोशल मीडिया पर कृति सेनन के लुक की खूब तारीफ भी हो रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस की फोटोज भी खूब वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने इस पार्टी में ब्लैक और गोल्डन कलर की स्ट्राइप्स वाला लहंगा कैरी किया। इस लुक में जाह्नवी काफी खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, पैपराजी के सामने जाह्नवी ने अकेले ही पोज दिए। सोशल मीडिया पर जाह्नवी का ये ग्लैमरस अंदाज काफी चर्चाओं में बना हुआ है। हर कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने इस पार्टी की सारी लाइमलाइट छीन ली। ब्रोकेड लहंगा में बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। सुहाना के इस लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहीं, सोशल मीडिया पर सुहाना के लुक की तारीफ हो रही है।

नील यंग ने किया ट्रंप पर 10 मिलियन डॉलर का मुकदमा

लॉस एंजिल्स। संगीतकार नील यंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक एक्शन कमेटी 'ट्रंप 47 कमेटी इंक' के खिलाफ 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कमेटी ने मिडटर्म चुनाव रैलियों में राष्ट्रपति के मंच पर आने के दौरान, बिना इजाजत के उनके गाने 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' का इस्तेमाल किया। 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' के अनधिकृत इस्तेमाल को लेकर ट्रंप के खिलाफ यह यंग की दूसरी कानूनी कार्रवाई है। यंग ने पहली बार 2020 में ट्रंप पर मुकदमा किया था, जिसे बाद में आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था।



गायक के इस नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने उस समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए, फिर से इस गाने का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इस गाने को बजाने को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है।



'ईठा' की मुश्किलें बढ़ाएंगे सलमान

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नवंबर के बाद दिसंबर के महीने में कई बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इन बड़ी फिल्मों में शाह रुख खान की किंग से लेकर एंवेजर्सः डूम्सडे समेत श्रद्धा कपूर की ईठा का नाम भी शामिल है और अब लीजिए दिसंबर के महीने में ही बॉक्स ऑफिस पर आंधी तूफान मचाने आ रहे हैं सलमान खान, क्योंकि दबंग खान की मचअवेटेड फिल्म मातृभूमि की रिलीज का ऐलान हो चुका है। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब इसमें ट्विस्ट ये है कि 4 दिसंबर को ही श्रद्धा कपूर की मचअवेटेड फिल्म 'ईठा' भी रिलीज होने जा रही है। मतलब ये है कि भाईजान अब श्रद्धा की फिल्म की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। अभी तक 4 दिसंबर को श्रद्धा की फिल्म आ रही थी और वो भी किंग से पहले, लेकिन अब श्रद्धा की फिल्म से सलमान की फिल्म टकराने वाली है।

आज के सितारों में कॉन्फिडेंस की कमी



नई दिल्ली। फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान अपनी बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं। वो अपनी सोच को खुलकर लोगों के सामने रखती हैं। हाल ही में फराह ने आज के नए एक्टर्स के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल के कलाकार फिल्मों में कोरियोग्राफी से लेकर म्यूजिक और कास्टिंग तक हर चीज में दखल देते हैं। उनके मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज के एक्टर्स को खुद पर भरोसा नहीं है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें अपने डायरेक्टर पर भी विश्वास नहीं होता। वे गानों की कोरियोग्राफी खुद करना चाहते हैं और म्यूजिक से लेकर कास्टिंग तक हर मामले में दखल देते हैं। फराह के मुताबिक, यह सब तब होता है जब किसी इंसान को खुद पर भरोसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि जिन एक्टर्स को अपनी काबिलियत पर विश्वास होता है, वे डायरेक्टर और पूरी टीम के काम करने के तरीके पर भरोसा करते हैं। फराह खान ने इस दौरान शाहरुख खान का उदाहरण भी दिया। उन्होंने बताया कि फिल्म 'मैं हूं ना' के लिए जब उन्होंने सुष्मिता सेन को कास्ट करने की बात कही थी, तब शाहरुख ने कोई सवाल नहीं किया। उस समय सुष्मिता कोई बड़ी हीरोइन नहीं थीं, लेकिन शाहरुख ने फराह के फैसले पर भरोसा जताया।

A powerful 15-herb extract blend featuring Garcinia Cambogia, Green Tea, Pineapple, Kokum & Guggul, in an easy-to-take capsule.

वज़न प्रबंधन में सहायक


JOLLY FAT-GO®

Capsule Honey syrup & Oil


अच्छे मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध ✆ 98143-30500 JOLLYorganic.com

एक-दूसरे की आंखों में डूबे ऐश्वर्या-अभिषेक हाथ थामे दिवाली पार्टी में ली एंट्री

नई दिल्ली। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर एक लंबे समय से सोशल मीडिया पर कई सवाल उठ रहे थे। कभी उनके रिश्ते में अनबन की खबरें आईं, तो वहीं कईयों ने तो उनके तलाक तक की अफवाह उड़ा दी। इन सभी रूमर्स पर अब ऐश्वर्या और अभिषेक ने ट्रोलर्स को ऐसा जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाएगी। बीती रात मुंबई में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने बांद्रा स्थित घर पर दीवाली पार्टी रखी। जिसे अटेंड करने के लिए कई बड़े सितारे पहुंचें। हालांकि, इन सभी सितारों में जिस कपल ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा, वो थे ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक, जो हाथों में हाथ डाले एक साथ पहुंचे थे। मनीष मल्होत्रा की दीवाली पार्टी से ऐश्वर्या और अभिषेक की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में अभिषेक बच्चन रेड कारपेट पर ऐश्वर्या का हाथ थामे दिखाई दिए। जब फोटोग्राफर्स ने कपल को पोज करने के लिए कहा, तो कभी अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या के कंधे पर हाथ रखे दिखे, तो कभी एकटक अपनी ब्यूटीफुल वाइफ की खूबसूरत आंखों में देखते रहे। सालों की शादी के बाद अभिषेक बच्चन का वहीं प्यार भरा अंदाज देखने के बाद ऐश्वर्या राय की स्माइल थमने का नाम नहीं ले रही थीं। जब अभिषेक ने प्यार से उनके कंधे पर हाथ रखा, तो बड़े ही प्यार से ऐश्वर्या राय ने भी उनके शोल्डर पर अपना सिर टिका दिया। जब पैपराजी ने ऐश्वर्या से मनीष मल्होत्रा के घर में एंट्री करते हुए सोलो फोटो मांगी, तो अभिनेत्री ने इशारों में ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। ऐश्वर्या राय ने इस खास मौके पर लाल सुर्ख साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। उनके लुक की तारीफ करते हुए दूसरे यूजर ने लिखा, "मैं ऐश्वर्या पर से आंखें नहीं हटा पा रहा हूं। दोनों बहुत ही खूबसूरत लग रहे हैं।" अन्य यूजर ने लिखा, "ऐश्वर्या का चेहरा देखकर अच्छा लग रहा है, वो सच में अभिषेक के साथ ऐसे आकर कितनी खुश हैं।'



रामायण में इन 6 किरदारों ने चौंकाया अपनी अपीयरेंस और एक्टिंग से किया इंप्रेस



मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है। बता रहे हैं उन 6 कलाकारों के बारे में जिन्होंने रामायण फिल्म में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से चौंका दिया। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है।

कैकसी : रावण की मां कैकसी के रोल में साउथ एक्ट्रेस और पद्म भूषण से सम्मानित शोभना ने चौंका दिया। उन्होंने फिल्म में दमदार रोल प्ले किया और फिल्म की शुरुआत से ही छाई रहीं। रावण की अपब्रिंगिंग में उनका किरदार कितना अहम था ये इस फिल्म में देखने को मिलता है।

जटायु : रामायण फिल्म में जटायु का किरदार अनुपम खेर ने प्ले किया है। इस रोल में वे शानदार परफॉर्म करते नजर आए हैं। जटायू ने ही राम को रावण का पता बताया था। वहीं, सीता मइया को रावण के चंगुल से बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाई थी।

विश्वामित्र : वैदिक काल के महान ऋषि और राम के गुरु विश्वामित्र का किरदार फिल्म में अजंक्य देओ ने प्ले किया है। इस किरदार में वे काफी असरदार साबित हुए हैं। राम को उनके कन्फर्ट जोन से बाहर निकाल एक योद्धा बनाने की पहली शुरुआत विश्वामित्र ने ही की थी। फिल्म में अजंक्य ने ये किरदार बहुत बेखूबी निभाया है।

विद्युतजीव्हा : शूर्पणखा के पति विद्युतजीव्हा का किरदार रामायण फिल्म में विवेक ओबेरॉय ने प्ले किया है। इस रोल में वे काफी प्रभावशाली रहे हैं। रावण को एक महान शासक बनाने में विद्युतजीव्हा का क्या योगदान था ये इस फिल्म में देखने को मिला है। रावण संग उनकी लड़ाई का प्रसंग भी इसमें दिखाया गया है, जिसमें रावण उनकी जान ले लेता है।

शूर्पणखा : शूर्पणखा का किरदार रामायण फिल्म में काफी मायने रखता है। उनके किरदार के बिना तो रामायण की कल्पना करना मुश्किल है। क्योंकि, राम और रावण के बीच लड़ाई और सीता हरण का मुख्य कारण शूर्पणखा ही थीं जो अपने भाई के हाथों अपने पहले पति विद्युतजीव्हा के वध के बाद राम को दिल दे बैठी थीं। रकुल प्रीत सिंह ने इस किरदार के साथ पूरा न्याय किया है।

मारीच : रावण की सेना में मारीच नाम का एक दानव था जो अपने मायावी छल के लिए जाना जाता था। वो रिश्ते में रावण का माम और उसकी मां कैकसी का भाई थी। मारीच का रोल इस फिल्म में सौरभ सचदेव ने निभाया है। वे अपने रोल में परफेक्ट नजर आए हैं।

उन्होंने ही राम को बहकावे में लाया था जिसके बाद रावण ने मां सीता का अपहरण किया था।

SELECTER No. 1 BRAND INDIA 2019

पेट सफा तो हर रोग दफा... Divisa

Clinically Tested*

अगर पेट सफा खाओगे बिल्कुल जोर नहीं लगाओगे

super effective

20% EXTRA

अगर आप भी कब्ज • गैस • एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स या टेबलेट। यह पहले दिन से असर दिखाता है।

Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930